हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024



### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पूरा, अब आरक्षण की तैयारी

# जिले की पांच शहरी सरकार चुनेंगे 1.79 लाख मतदाता, निगम में सर्वाधिक वोटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी दिनों में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिले के पांच निकायों में कुल 179586 मतदाता अपने शहर की सरकार चुनेंगे। इनमें सर्वाधिक 133466 मतदाता राजनांदगांव नगर निगम में हैं। वहीं छुरिया नगर पंचायत के 15 वार्डों में सबसे कम महज 3065 मतदाता ही हैं। कुल मतदाताओं में महिलाओं की संख्या पुरूष से लगभग छह हजार अधिक हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि प्रदेश के बाद अब शहरी सरकार भी महिलाओं के सहारे ही बनेगी।

पिछले करीब एक महीने से जारी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के बाद सभी निकाय को लेकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन बुधवार को कर दिया गया। इसमें राजनांदगांव नगर निगम के 51 वार्ड, डोंगरगढ़ नगर पालिका के 24, छुरिया नगर पंचायत के 15, डोंगरगांव नगर पंचायत के 15 एवं एलबी नगर नगर पंचायत के 15 वार्ड शामिल हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के बाद अब इन निकायों में आरक्षण की प्रक्रिया करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले एक सप्ताह के भीतर आरक्षण को लेकर भी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जिसके बाद ही यह तय होगा कि आपके वार्ड में अगला पार्षद किस वर्ग से होगा।

## सभी निकायों में पुरूषों से अधिक महिला मतदाता, इन्हीं पर रहेगा फोकस

### वार्डवार मतदाताओं की जानकारी

| वार्ड | पुरूष | महिला | योग | वार्ड | पुरूष | महिला | योग | वार्ड | पुरूष | महिला | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1549 | 1649 | 3198 | 19 | 789 | 819 | 1608 | 37 | 1466 | 1512 | 2978 |
| 2 | 974 | 1079 | 2053 | 20 | 1369 | 1519 | 2888 | 38 | 1289 | 1344 | 2633 |
| 3 | 1178 | 1270 | 2448 | 21 | 1299 | 1358 | 2657 | 39 | 1503 | 1614 | 3117 |
| 4 | 1504 | 1602 | 3106 | 22 | 1305 | 1342 | 2647 | 40 | 1124 | 1550 | 2374 |
| 5 | 1337 | 1406 | 2743 | 23 | 1412 | 1514 | 2926 | 41 | 1177 | 1341 | 2518 |
| 6 | 1643 | 1684 | 3327 | 24 | 1261 | 1425 | 2686 | 42 | 1173 | 1284 | 2457 |
| 7 | 1350 | 1513 | 2863 | 25 | 1544 | 1643 | 3187 | 43 | 1177 | 1275 | 2452 |
| 8 | 1204 | 1362 | 2566 | 26 | 1352 | 1490 | 2842 | 44 | 1178 | 1299 | 2477 |
| 9 | 1656 | 1800 | 3456 | 27 | 1170 | 1220 | 2390 | 45 | 1982 | 2076 | 4058 |
| 10 | 1654 | 1750 | 3404 | 28 | 674 | 692 | 1367 | 46 | 1233 | 1430 | 2663 |
| 11 | 1210 | 1375 | 2585 | 29 | 848 | 842 | 1690 | 47 | 1120 | 1201 | 2321 |
| 12 | 1855 | 2088 | 3943 | 30 | 1193 | 1226 | 2420 | 48 | 1440 | 1523 | 2963 |
| 13 | 1151 | 1319 | 2470 | 31 | 762 | 740 | 1502 | 49 | 955 | 981 | 1936 |
| 14 | 841 | 943 | 1784 | 32 | 1118 | 1204 | 2322 | 50 | 973 | 1034 | 2007 |
| 15 | 1325 | 1390 | 2715 | 33 | 1085 | 1202 | 2287 | 51 | 1151 | 1167 | 2318 |
| 16 | 2079 | 2218 | 4297 | 34 | 1625 | 1705 | 3330 | कुल | 64461 | 69214 | 133677 |
| 17 | 717 | 754 | 1471 | 35 | 1055 | 1116 | 2171 | | | | |
| 18 | 1267 | 1388 | 2655 | 36 | 1165 | 1236 | 2401 | | | | |

वार्ड क्रमांक 28 एवं 30 में एक एक थर्ड जेंडर मतदाता है।

### चौकी नपं में साढ़े 7 हजार मतदाता

मोहला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। दावा आपत्ति के उपरांत कुल मतदाताओं की संख्या 7580 है। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3541 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 4039 है। ज्ञात हो प्रारूप क 1 में 196 आवेदन स्वीकृत किया गया था, जिसके निराकरण के बाद ही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है।

### सभी निकाय में महिलाएं अधिक

*राजनांदगांव नगर निगम, डोंगरगढ़ नगर पालिका सहित छुरिया, एलबी नगर एवं डोंगरगांव नगर पंचायत में भी इस बार महिला मतदाताओं का दबदबा देखने को मिलेगा। इन सभी पांच शहरी इलाकों में पुरूषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। ऐसे में दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भी महिलाओं को साधकर अपनी सरकार बनाने की योजना तैयार करेगी।*

### छुईखदान और गंडई में महिलाओं का दबदबा

*खैरागढ़ जिले के अधीन छुईखदान और गंडई नगर पंचायत में भी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। गंडई में कुल दस हजार 98 वोटर है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 4913 है वहीं महिला 5185 है। वहीं छुईखदान नगर पंचायत में 5790 वोटर है। जिसमें 2747 पुरूष और 3043 महिला मतदाता नगरीय निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करेगो।*

### इन निकायों में इतने मतदाता

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद सामने आए आंकड़े के अनुसार राजनांदगांव नगर निगम में कुल 133466 मतदाता हैं। जिसमें 64333 पुरूष, 69131 महिलाएं एवं दो अन्य मतदाता शामिल हैं। डोंगरगढ़ नगर पालिका में कुल 27567 मतदाता, 13386 महिलाएं, 14178 पुरुष एवं तीन अन्य मतदाता हैं। डोंगरगांव नगर पंचायत में कुल 11948 मतदाता, 5769 पुरूष व 6179 महिला मतदाता हैं। छुरिया नपं में कुल 3065 मतदाता। जिनमें 1438 पुरूष व 1627 महिला हैं। एलबी नगर नपं में कुल 3540 मतदाता। जिसमें 1738 पुरूष व 1802 महिला मतदाता शामिल हैं।

# कर्मियों की हड़ताल से बिगड़े हालात आवश्यक सेवाओं पर भी लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



### बस से हुए राजधानी रवाना

नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी फ्लाई ओवर के नीचे दो दिनों से अपनी तीन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। वहीं अब नियमित कर्मचारी भी अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल होने यहां अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत कर चुके हैं। आज सुबह निगम के नियमित कर्मचारी आंदोलन को बल देने के लिए बस के माध्यम से राजधानी रायपुर के लिए रवाना हुए।

नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल से नगरीय निकाय का कार्य ठप हो गया है। यहां प्लेसमेंट और नियमित कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से व्यवस्था बेपटरी हो गई है। आलम यह है कि नगर निगम को आवश्यक सेवाओं को बहाल रखने अतिरिक्त व्यवस्था के लिए जोर लगाना पड़ रहा है।

नगर निगम के प्लेसमेंट और नियमित कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से आज नगर निगम के सभी विभागों की अधिकांश कुर्सियां खाली रही। वहीं कुछ विभागों में ताला बंद रहा। राशन कार्ड, लोककर्म विभाग, राजस्व विभाग, जल विभाग सहित अन्य विभागों में वीरानी छाई रही। नगर निगम में आवश्यक कार्य लेकर आने वाले लोग कर्मचारियों की हड़ताल के चलते भटकते रहे। जल विभाग में पानी टैंकर के लिए पार्षद से लेकर आम जनता दिनभर फोन लगाती रही, लेकिन वाहन चालकों की हड़ताल की वजह से टैंकर भी नहीं चल पाए।

नगर निगम के विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से स्ट्रीट लाइट सुधार कार्य भी प्रभावित हो गया है। हालांकि स्ट्रीट लाइट चालू और बंद करने का सिस्टम ऑटोमेटिक है, लेकिन फाल्ट आने पर सुधार कार्य कर्मचारियों द्वारा ही किया जाता है। वहीं शहर के कुछ क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट बंद है, जिसे कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से नहीं सुधारा जा रहा है। निगम द्वारा बिजली विभाग में भी आपातकालीन स्थिति के लिए व्यवस्था रखी गई है। नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है। शहर के ठेके वाले वार्डों में आधे कर्मचारी ही कार्य पर हैं। वहीं नियमित सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। जिसकी वजह से शहर के कई क्षेत्रों में आज सफाई नहीं हो पाई।

**पानी टैंकर के थमे पहिये** : जल विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से आवश्यक सेवाओं में शामिल पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। शहर के टांकाघर में आमतौर पर प्रतिदिन लगभग 40 पानी टैंकर शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति हेतु भेजे जाते थे। वहीं हड़ताल की वजह से आज वार्डों में पानी टैंकर नहीं पहुंच पाया। हालांकि आपातकालीन स्थिति के लिए एक वाहन चालक टांकाघर में मौजूद रहा।

**हड़ताल हो होगा जल संकट** : शहर के नवागांव, नया ढाबा, मोहारा सहित कई ऐसे दूरस्थ वार्ड हैं, जहां पर नलों से पानी की आपूर्ति पर्याप्त नहीं हो पाती है। ऐसे में इन वार्डो में प्रतिदिन टैंकर भी भेजे जाते हैं, लेकिन कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से आज इन वार्डों में पानी टैंकर नहीं पहुंच पाया है। जिससे जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई है।

### नियमित जल प्रदाय पर संकट

निगम का कार्य आवश्यक सेवा के अधीन आता है। बिजली, पानी और सफाई मुख्य है। हड़ताल की वजह से इन तीनों आवश्यक सेवाओं पर भी असर पड़ा है। प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से निर्मित कर्मचारियों द्वारा व्यवस्था सुचारू रखी गई थी। वहीं अब नियमित कर्मचारी भी हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में दोनों टाईम शहर में जलापूर्ति करने पाईप लाइन का वॉल खोलने के लिए भी पर्याप्त कर्मचारी नहीं है। जिससे नियमित जलापूर्ति पर भी संकट है।

### व्यवस्था बनाने में जुटा निगम प्रशासन

नगर निगम के कार्यपालन अभियंता यूके रामटेक ने कहा कि निगम के सभी विभागों में कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उन्होंने बताया कि 93 प्लेसमेंट और 200 नियमित कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से प्रभावित हुई आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की जा रही है।

# फिर से हड़ताल में जाएंगे राइस मिलर्स, उठाव पर आएगा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



परिवहन की समस्या से प्रभावित धान खरीदी फिर एक बार संकट में आ गई है। प्रदेश सरकार द्वारा राईस मिलर्स द्वारा की गई मांगे पूरी नहीं होने के चलते सभी जिलों में राईस मिलर्स फिर हड़ताल में जाने वाले हैं। मिलर्स के हड़ताल में चले जाने से परिवहन व्यवस्था चौपट हो जाएगी। जबकि अब भी अविभाजित राजनांदगांव जिले में 45 लाख क्विंटल से अधिक धान डंप पड़ा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अपने पहले दौर में ही उठाव नहीं होने के कारण प्रभावित हो गई थी। तीन सप्ताह तक उठाव नहीं होने के बाद पिछले सप्ताह ही प्रशासन ने मिलर्स से अनुबंध करना शुरू किया था, लेकिन एक बार फिर राईस मिलर्स अपनी मांगे पूरी नहीं होने के चलते हड़ताल में जा रहे हैं। जिसके चलते राजनांदगांव सहित खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिले में परिवहन ठप हो जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिलर्स संघ ने सरकार से जो मांगे की थी, उनके पूरे होने का आश्वासन उन्हें मिला था, परन्तु बुधवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में भी मांगे पूरी नहीं हुई। जिसके चलते अब सभी जिलों के मिलर्स ने हड़ताल में जाने का मन बना लिया है।

### दो साल पहले का भुगतान नहीं

मिली जानकारी के अनुसार राईस मिलर्स को पिछले दो साल का मिलिंग का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में राईस मिलर्स एसोसिएशन ने सरकार से बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने 2022-23 का भुगतान करने से इंकार कर दिया है। वहीं पिछले साल यानि 2023-24 की मिलिंग की राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा मिलर्स ने भाड़ा एसएलसी दर से देने की मांग की थी। जबकि सरकार इसके बदले 7 रुपए क्विंटल दे रही है। इन दो कारण से नाराज होकर मिलर्स फिर हड़ताल में जा रहे हैं।

### नांदगांव में स्थिति विकराल

धान खरीदी की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। रोजाना बड़ी संख्या में किसान लाखों क्विंटल धान बेच रहे हैं। ऐसे में उठाव प्रभावित होने से खरीदी प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। अब तक राजनांदगांव जिले में 56095 किसानों से 27.85 लाख क्विंटल खरीदी एवं 1.94 लाख क्विंटल उठाव किया गया है। खैरागढ़ जिले में 30021 किसानों से 15.76 लाख क्विंटल खरीदी व 1.87 लाख क्विंटल उठाव हुआ है। मोहला-मानपुर जिले में 17152 किसानों से 8.27 लाख क्विंटल खरीदी एवं 40960 क्विंटल उठाव हो पाया है।

### प्रशासन अपने स्तर पर कराएगी उठाव

मिलर्स के हड़ताल में चले जाने के बाद उठाव को जारी रखने का प्रयास प्रशासन अपने स्तर पर जरूर करेगा। मिली जानकारी के अनुसार करीबन सौ से डेढ़ सौ वाहनों के जरिये उठाव की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। हालांकि जिले के अधिकांश उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान का स्टॉक आ गया है। ऐसे में तेजी से उठाव नहीं होने पर अधिकांश सोसायटियों में अगले एक सप्ताह में ही खरीदी बंद हो सकती है।

# ग्राम पंचायतों के वार्डों व सरपंच पदों के आरक्षण की कार्रवाई 17 को

- त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 के तहत ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों के आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में की जाएगी।

इसी तरह 19 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन के प्रावधानों के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों तथा जिला पंचायत राजनांदगांव के निर्वाचन क्षेत्रों एवं जिले के जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों एवं अध्यक्ष पदों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सभी प्रवर्गों के महिला हेतु लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। संबंधित क्षेत्र के कोई भी वयस्क निवासी आरक्षण की कार्रवाई के दौरान निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय नगर पंचायत के निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया है। निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के आधार पर कुल मतदाता 7326 हैं जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3450 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 3926 थी। दावा आपत्ति के उपरांत कुल मतदाताओं की संख्या 7580 है जिसमें पुरुष मतदाता 3541 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 4039 है। प्रकाशन की संपूर्ण कार्यवाही राज्य निर्वाचन आयोग से नियुक्त पर्यवेक्षक अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की देखरेख में किया गया।

### शाला भवन एवं मंच का लोकार्पण



**खुज्जी।** पांगरीखुर्द में विधायक भोलाराम साहू ने नव-निर्मित प्राथमिक शाला भवन एवं कलामंच का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच अंजली धावड़े, जिपं सदस्य रामछत्री चन्द्रवंशी, देवारु मालेकर, चुम्मन साहू, चंद्रिका वर्मा, ऋषि राजपूत, अमरलाल साहू, दिलीप नेताम, खेदराम यादव, थानसिंह साहू, आत्माराम साहू, जगदीश यादव, सोमनाथ साहू, सगुनदास साहू, रेवाराम साहू, ईश्वर राजपूत, संतुराम साहू, पतिराम साहू, सुंदर मंडावी, कुलेश्वर निषाद, नेतराम साहू आदि उपस्थित थे।

### प्रधानपाठक के सहयोग से स्वेटर वितरण



**डोंगरगांव।** बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान के अधीनस्थ संचालित प्रायोगिक शाला में प्रधानपाठिका मीना गंगबेर के सौजन्य से कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को ठंड से सुरक्षा के लिए स्वेटर प्रदान किया गया। एक सादे कार्यक्रम में एबीईओ जयंत साहू, वरिष्ठ लिपिक सेवाराम पटेल ने स्वेटर वितरित किया। श्री साहू ने बच्चों को प्रतिदिन शाला आने एवं पढ़ाई में विशेष ध्यान देने प्रेरित किया। इस मौके पर पोषण साहू, शशांक साहू, इंद्रकुमार सिन्हा, नरेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### गीत लेखन एवं गायन पर व्याख्यान



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में शनिवार को प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन में गीत लेखन, गायन पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में मेढा के लेखक एवं लोक गायक केशवराम सेन शामिल हुए। विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपुत ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि गीत हृदय का उल्लास है जो शब्दों में पिरोकर रस का संचार करती है। कला संकाय प्रमुख डॉ. आशा चैधरी ने गीत लेखन का महत्व बताया। इस मौके पर श्री सेन ने कहा कि हमारी बोली भाषा ही हमारी पहचान है। गीत लिखने के लिए गहन चिंतन मनन करना पड़ता है। विषय वस्तु निर्धारण के बाद उसे काव्य रूप में लिखा जाता है। श्रेष्ठ गीतों की रचना के लिए शब्द, सुर, लय, ताल का सामंजस्य आवश्यक है। इस दौरान गुलशन सिन्हा, नीलम चतुर्वेदानी, हेमुराम पदमे, डॉ. नौशीन अंजुम, अनिमा मिंज, अंजलि देवांगन, मनीषा भेड़िया, मीनाक्षी साहू सहित अन्य मौजूद थे। संचालन डॉ. नीता राजपुत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. येशुक्रिती हजारे ने किया।

### स्पर्धा में बसेली और मदनवाड़ा प्रथम



**मोहला।** संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता हनईकला में आयोजित की गई। बालक्रीड़ा में तीन संकुल के लगभग 600 बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर बच्चों ने खो खो, कबड्डी, रिलेरेस, दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकसी, रस्सीकूद, आलू दौड़ आदि ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्राथमिक स्तर पर सभी खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राथमिक शाला बसेली, द्वितीय प्राथमिक शाला दोरदे, माध्यमिक वर्ग में माध्यमिक शाला मदनवाड़ा प्रथम एवं माध्यमिक शाला बसेली ने द्वितीय स्थान हासिल किया। स्पर्धा का समापन सांसद प्रतिनिधि राजू टांडिया के आतिथ्य और जिपं सदस्य राधिका अंधारे की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि भोजेश शाह मंडावी, प्रकाश मिश्रा, राजहंस मंडावी, रेणु टांडिया, संगीता मिश्रा, श्रीमति माहौर, सरपंच नल्लूबाई, बलकुंवर प्रधान, बैसुराम नरेटी थे। अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षक किशोर साहू ने किया।

### थम नहीं रही नगर पालिका की गड़बड़ियां

# फर्जी रसीदों से करों की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय नगर पालिका में गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां कार्यरत कर्मचारी डुप्लीकेट रसीद बुक छपवाकर निकाय को चूना लगा रहे हैं। ग्रुप बनाकर अवैध वसूली कर रहे कर्मचारियों पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा फर्जी रसीद के माध्यम से कचरा कलेक्शन शुल्क वसूल करने का मामला सामने आया है। एक माह पूर्व अधिकारी को जानकारी होने के बाद कार्रवाई शुन्य है।

जानकारी के अनुसार शहर में 2 अक्टूबर 2017 से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। कचरा संग्रहण के एवज में हर घर से प्रतिमाह निर्धारित शुल्क लिया जाता है। बीते 7 साल में वूसल किए शुल्क का हिसाब निकाला जाए तो बड़ा घालमेल पकड़ में आएगा। जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहर के 24 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाता है। कुल 8600 घरों से कचरा एकत्रित करने के लिए 81 लोगों की टीम बनाई गई है।

इस टीम का जिम्मा एक मैकेनिकल फिटर को दिया गया है जबकि उसका मूल काम पानी फिल्टर की गतिविधियों को देखना है।



#### कचरे से कमाई

मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत एकत्र कचरा करने वाली महिलाएं भी शोषण का शिकार बन रही है। योजना अनुसार गीले कचरे से बनने वाली खाद तथा सूखे कचरे के उपयोगी कबाड़ को बेचकर राशि महिलाओं को वितरित करना है किन्तु महिलाओं तक आधी राशि ही पहुंचती है। गीले कचरे से बनी खाद को बिना रसीद के ही बेचा जा रहा है। रसीद काटने वाले आधे दर्जन से अधिक कर्मचारी फर्जी रसीद से यूजर चार्ज वसूल करते हैं।

#### अधिकारियों की बेगारी

मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत 81 कर्मचारियों में कुछ वाहन चालक है। कुछ अधिकारी के वाहन चला रहे है तो कोई उनकी पत्नी को जो अन्य स्थान पर कार्यरत हैं को कार से कार्यस्थल तक छोड़ने जाते हैं। मजे की बात यह है कि मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारी पालिका कार्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं।

#### गड़बड़ी के बाद हटाया प्रभार से

जानकारी के अनुसार पूर्व में उक्त कर्मी को शौचालय, गोबर खरीदी, गोबर खाद बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास की जिम्मेदारी दी गई थी। कार्यों में अनियमिता उजागर होने के बाद उसे कार्य से हटाकर अन्य कार्य में लगा दिया गया। एक अन्य कर्मचारी जो सुपरवाइजर है वह आनलाइन सट्टे के जुर्म में लगभग सप्ताह तक जेल में रहकर आ चुका है। बताया जाता है कि दोनों मिलकर फर्जी रसीद बुक से यूजर चार्ज की वसूली कर रहे हैं।

#### पूर्व में हो चुका गड़बड़ी का खुलासा

जानकारी के अनुसार फर्जी रसीद मामले में शामिल कर्मचारी को जिस भी विभाग की जिम्मेदारी सौंपा जाता है वहीं गड़बड़ी होती है। कांग्रेस शासन काल में गोबर खाद में मिट्टी मिलते हुए भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने रंगे हाथों पकड़ा था। जिसके बाद उसे मलाईदार विभाग की जिम्मेदारी की सौंप दिया गया। अब प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा शुरू हो गया है।

#### कई सामग्री गायब

जानकारी के अनुसार कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं को साल में दो बार साड़ी, रेनकोट, जूता- मोजा, आई कार्ड, ग्लब्स, एप्रोन सहित अन्य सामग्रियां मुफ्त में दी जाती है किंतु यहां कार्यरत महिलाओं को साल में एक बार यह सामग्री नहीं मिलती। इसी प्रकार हर साल होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए पेंटिंग के नाम पर लाखों के बारा न्यारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यही कर्मचारी फर्जी महिला समूह बनाकर कई सुलभ शौचालय संचालित कर रहे हैं। यह कर्मचारी सेप्टिक टैंक खाली करने की राशि से लेकर वर्मी कंपोस्ट खाद की बिक्री की फर्जी रसीद काटकर हेराफेरी कर रहे हैं। गड़बड़ी आदि को लेकर भारतीय सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियन महासंघ ने गत 28 नवंबर को सीएमओ, एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की थी किंतु छोटे कर्मचारियों को हटाकर बड़े अब भी कार्रवाई से बचे हुए हैं।

# धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार स्थानीय सेवा सहकारी समिति के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी संजय संचेती की मौजूदगी में कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस जनों ने किसानों को धान बेचने में दिक्कत आने के बाद भी सरकार द्वारा समाधान की दिशा में पहल नहीं करने पर आवाज बुलंद किया। प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार झरना राजपूत को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष चेतन साहू, बलीराम साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, अखिलेश नखत, महेन्द्र वैष्णव, कमलनारायण वैष्णव, सद्दाम खत्री, पुरूषोत्तम साहू, मोहनीश साहू, डां नरेन्द्र साहू, दुरदाशन साहू आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### खेल से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा

**छुरिया।** किरगाहाटोला में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घासीराम साहू ने किया। स्पर्धा का शुभारंभ करते हुए श्री साहू ने कहा कि प्रतियोगिता बच्चों में खेल भावना, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन माध्यम है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखता है। इस मौके पर हनुमानदास वैष्णव, किरण वैष्णव, संजय सिन्हा, चुरामन साहू, पुरुषोत्तम वैष्णव, कुंजलराम, रामविलास, दिलीप सिन्हा, विमला सिन्हा, कुमार साहू, अजेंद्र सिन्हा, रामभरोसा, ओमप्रकाश, प्रीतम चंद्रवंशी, पूनम पड़ोती, वीरेंद्र साहू, हिरामन पड़ोती, रामभरोसा, चेतन लाल, कमलेश्वर, पूरन नायक, चुरामन यादव, खेमिन कंवर, कुमारी वैष्णव, पूनम पड़ोती, हुमनलाल, आरती दुबे, रामेंद्र धनपाल,रमेश पड़ोती, कुंदन बडोले सहित अन्य मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने किया बस्तर का भ्रमण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं विभाग अध्यक्ष एचआरपदमे एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. नौशीन अंजुम के नेतृत्व में बस्तर का भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण में बीए भूगोल तृतीय, एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने कांगेर घाटी, तीरथगढ, बारसूर, चित्रकूट और दंतेश्वरी मंदिर का अवलोकन किया। कुटुमसर गुफा का अवलोकन करते हुए छात्र-छात्राओं ने कास्ट स्थलाकृतियों को देखा एवं समझा। एवलाल मेश्राम, मनीषा भेड़िया, हेमूराम पदमे एवं डॉ.नौशीन अंजुम ने भ्रमण को सफल बनाने में सहयोग दिया। भ्रमण में दानिश, उदय, दीपक कुमार, भानुप्रताप, लोकेश साहू, नीलकमल, राजिन्द्र, भूपेश, पायल वर्मा, रजनी, नेहा, काजल, प्रिया जाम्बुलकर, असमित, खोमेश्वरी, विमला सेन, माधुरी, रूखमणी, दिव्या, दीपशिखा, गोमती सहित अन्य शामिल हुए।

# ट्रिपलेट शिशुओं की नॉर्मल डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शासकीय अस्पताल छुईखदान में 11 दिसंबर को जंगल बुढानभाठ से स्वास्थ्य अमले ने गर्भवती बबिता धुर्वे पति जितेंद्र धुर्वे को डिलीवरी हेतु अस्पताल लाया था। ड्यूटीरत चिकित्सक एवं स्टाफ नर्सो ने महिला को भर्ती कर जांच किया तो पाया कि महिला के पेट में तीन बच्चे है। महिला का त्वरित उपचार कर सामान्य एवं सुरक्षित प्रसव कराया गया। महिला के तीन नवजात शिशु में एक मेल चाइल्ड और दो फीमेल चाइल्ड स्वस्थ्य एवं सुरक्षित हैं।महिला का प्रसव डॉ मुजाहिद हसन, स्टाफ नर्स तुष्टि साहू, हर्षलता चंदेल, आया सावित्री जंघेल ने बीएमओ डॉ मनीष बघेल की देखरेख में कराया।



#### अस्पताल में अब तक 542 नॉर्मल डिलीवरी

जानकारी के अनुसार अस्पताल में अब तक 542 की नार्मल डिलीवरी हो चुकी है। सभी महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत 14 सौ आबंटित किया गया है। सरकारी अस्पताल में कई गांव से गर्भवती माताएं प्रसव के लिए आती हैं जिनका अस्पताल में यथासंभव नॉर्मल प्रसव कराया जाता है।

### विजय अग्रवाल का निधन



**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर के व्यापारी स्व. श्रीलाल अग्रवाल के बड़े पुत्र एवं पूर्व जनपद सदस्य कांग्रेसी नेता अजय अग्रवाल के भाई विजय अग्रवाल का 65 साल की उम्र में 10 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 दिसम्बर को मुक्तिधाम में किया। इस दौरान शोकसभा में सामाजिक एवं ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# 19 छात्रों ने किया रक्तदान




**छुईखदान।** भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में 10 दिसंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रानी आवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय, रेडक्रास सोसायटी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला ब्लड बैंक के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 19 छात्रों ने रक्तदान किया। शिविर में प्राचार्य, रासेयो प्रभारी, बीएमओ डॉ मनीष बघेल, ब्लड बैंक के अधिकारी/कर्मचारी तथा ब्लड स्टोरेज यूनिट के चिकित्सक, लैब टेक्निशियन आदि ने सहयोग दिया।

### कॉलेज में मनाया गया मानवाधिकार दिवस

# हक के लिए रहें जागरूक, निभाएं कर्तव्य




हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को महाविद्यालय में सुशासन दिवस भी मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य डां. अचला ठाकुर ने विशिष्ट अतिथि डॉ. केके द्विवेदी का स्वागत किया। इस मौके पर स्वागत भाषण में डां. श्रीमती ठाकुर ने लोक कल्याण की बातों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों ने इमानदार बनने का आव्हान किया। मानवाधिकार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इंसान को अधिकार के साथ कर्तव्य पालन को लेकर हमेशा सजग और तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि श्री द्विवेदी ने कहा विश्व बंधुत्व का भाव ही सुशासन का मूल आधार है। प्राचार्य श्रीमती ठाकुर ने छात्र छात्राओं ने संविधान प्रदत्त अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ पालन करने तथा किसी अन्य के हक का हनन नहीं करने की शपथ दिलाया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ एनके लहरे, हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, सौम्या देवागंन, चांदनी पराते, शुभि जैन, काव्या जैन, सरोजनी वर्मा, संजूसिंह राजपूत, लीना साहू, हिमानी साहू, हनी ठक्कर के अलावा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे। संचालन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

#### मानवाधिकार पर निकली रैली




**डोंगरगांव।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में 10 दिसंबर को विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ बीएन मेश्राम ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाया। उन्होंने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ अपने कर्तव्यों का ध्यान रखने तथा दूसरे के अधिकारों का हनन न करने का आव्हान किया। इस दौरान महाविद्यालय से रैली भी निकाली गई। रैली का नेतृत्व रासेयो प्रभारी प्रो प्रियांकी गजभिए, डॉ.आशाराम साहू ने किया। इस दौरान प्राध्यापक बी महोबिया, डॉ एके धमगाए, डॉसीके साहू, प्रो गौतम नेताम, प्रो शिवनाथ देवांगन, संध्या मेश्राम, आशा वर्मा, नूतन साहू, आशा साहू, रामचंद्र भार्गव, शुभम बनाफर, एकलव्य साहू, नंदकुमार साहू, नम्रता देवांगन, शिल्पा वासनिक, चंदन कुमार, जितेंद्र साहू, कमलेश टेंभुरकर, प्रशांत देवांगन, चिम्मन वर्मा, ज्योति राजपूत, अर्चना देवांगन, जॉनसन चौधरी, पवन देवांगन आदि उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कम्प्यूटर आपरेटर आज से हड़ताल पर

**सड़क अतरिया।** धान खरीदी केन्द्रों में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर अपनी लंबित तीन सूत्रीय मांग को लेकर कल 12 दिसम्बर से अनिश्चित कालिन आंदोलन पर जाने वाले हैं। ज्ञात हो कि बीते माह आपरेटर संघ पे एक माह से अधिक समय तक आंदोलन किया था। खाद्य मंत्री के आश्वासन पर संघ ने हड़ताल स्थगित कर दिया था। एक माह बाद भी मांग के पूरी नहीं होने पर संघ ने 12 दिसम्बर से आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

### परिवहन नहीं, बंद हो सकती है धान खरीदी



**सड़क अतरिया।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने जिला कार्यालय में आवेदन सौंप कर तेजी से धान का परिवहन करने की मांग किया है। केन्द्र में बढ़ते जाम के कारण धान खरीदी बंद करने का अल्टीमेटम दिया है। जानकारी अनुसार 38 सोसायटी के 51 धान उपार्जन केन्द्र के कर्मचारियों ने आवेदन में बताया है कि सभी केन्द्रों में बफर लिमिट से तीन से चार गुना धान का स्टाक जाम है। केन्द्रों में इतना अधिक स्टाक रखने पर्याप्त जगह की कमी है। तिरपाल की व्यवस्था भी नहीं है। डैमेज की समस्या है। कई समिति की स्थिति काफी कमजोर होने से कर्मचारियों को कुछ महीनों से वेतन नहीं मिला है। धान लगातार सूख रहा है जिसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है। संघ ने तेजी से धान का उठाव करने की मांग किया है।

### रबी फसल से खेतों में हरियाली



**सड़क अतरिया।** रबी फसल अंतर्गत चना, गेहूं सहित अन्य दलहन की बोआई अब अंतिम पड़ाव पर है। फसल बोआई के बाद फिर खेतों में हरियाली दिखाई देने लगी है। बीते कुछ वर्षों से चना की अपेक्षित पैदावार नहीं होने के बाद क्षेत्र के ज्यादातर कृषकों ने गेहूं, सोयाबीन की बोआई में दिलचस्पी दिखाया है। क्षेत्र में इस साल गेहूं का रकबा बढ़ा है। कुछ दिनों से खराब मौसम के कारण अरहर, चना की फसल में इल्लियों का दुष्प्रभाव देखा जा रहा था। मौसम खुलने के बाद कृषक दवा एवं खाद का छिड़काव कर रहे है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में हर साल रबी फसल में धान का पैदावार बड़े रकबे में किया जा रहा था। इस साल किसानों ने दलहन तिलहन फसल लगाने में दिलचस्पी दिखाया है ताकि ग्रीष्म में भूजल स्तर बना रहे।

### पेंशनरों की मासिक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ पंजीयन क्र. 1844 की मासिक बैठक 9 दिसंबर को आहुत की गई। उक्त बैठक पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डीएन साहू तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. केएल टांडेकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथी शामिल थे। सदस्यों ने एजेंडा में दिए गए विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आगामी कार्ययोजना बनाई गई। विशेष रूप से नए सदस्य बनाना, सदस्यों की समस्याओं पर उचित कार्रवाई के लिए कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर उचित निर्णय लेना, सदस्यों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. टांडेकर ने बताया कि शासन स्तर पर लंबित समस्याओं की त्वरित पहल की जा रही है।

---

### योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाकर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें

# संग्रहित धान के उठाव में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने राज्य सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुरूप दिसम्बर महीने में विविध कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी विभागों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित सम्मेलन, सम्मान समारोह और विविध आयोजन के लिए कार्ययोजना बनाने कहा है साथ ही शासन की योजनाओं की पहुंच जन जन तक हो इसके लिए नियमित तौर पर जनता से जुड़कर कार्य करते रहने कहा। कलेक्टर ने बैठक में धान खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कहा कि खरीदी में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और उपार्जन केन्द्रों में सुगम तरीके से किसानों से धान की खरीदी करना सुनिश्चित करें। उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने केंद्रों में संग्रहित धान का उठाव में तेजी लाने का निर्देश जारी करते हुए जिला विपणन अधिकारी से कहा कि उठाव नियमित तौर से होता रहे इसका विशेष ध्यान रखे इसके अलावा कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर अनिवार्य रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा।



#### लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण का दिया निर्देश

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायतों सहित अन्य प्राप्त आवेदनों के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली जिसमें लंबित प्रकरण, जवाबदावा प्रस्तुत होने वाले प्रकरण और कंटेप्ट लगने वाले प्रकरणों की सिलसिलेवार गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने समय सीमा के लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने के बाद शीघ्र अतिशीघ्र निराकृत करना सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टरद्वय प्रेम कुमार पटेल, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, खैरागढ़ एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, छुईखदान एसडीएम रेणुका रात्रे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

## नेताओं के संरक्षण से अधिकारी बेखौफ कर रहे भ्रष्टाचार : देवांगन

### भाजपा पर भ्रष्टाचार बढ़ाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



डोंगरगढ़ नपा में भ्रष्टाचार प्रकरण में सीएमओ प्रमोद शुक्ला के निलंबन पर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार में अधिकारी खुलेआम भ्रष्टाचार में लिप्त है और भाजपा नेताओं के सरंक्षण में बेखौफ उसे अंजाम दे रहे है।

डोंगरगढ़ में भ्रष्टाचार में लिप्त रहे सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने अपनी पदस्थापना के दौरान लगातार शासन की विभिन्न योजनाओं में मिलीभगत कर फर्जी तरीके से अनाप शनाप खर्च किया है। नियमों को दरकिनार कर चेक काटते रहा जिसकी जांच लंबित है।

मनराखन देवांगन ने कहा कि खैरागढ़ नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर विधायक यशोदा वर्मा ने धरातल में उतरकर शहर में कांग्रेस पार्षदों के साथ भ्रमण कर अधिकारियों को उसके सामने सच्चाई दिखाया और दस्तावेजी प्रमाण दिखाया था।

विधायक ने सीएमओ के भ्रष्टाचार का पुलिंदा नगरी प्रशासन सचिव, जिलाधीश को सौंपकर कारवाई की मांग की वही स्वच्छ भारत मिशन में स्वच्छता श्रृंगार मद में मिली राशि के बंदरबांट को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगाकर सरकार से जवाब पूछा है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि सीएमओ के खिलाफ कारवाई नहीं होने पर सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया जिसके बाद शुक्रवार 13 दिसंबर को विधायक व संगठन के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन बाद पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया जिससे घबराकर भाजपा सरकार ने आनन फानन में सीएमओ को डोंगरगढ़ नपा में भ्रष्टाचार के पुराने मामले में निलंबित करना पड़ा। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि खैरागढ़ नगर पालिका में डोंगरगढ़ नपा से कई गुना बड़ा भ्रष्टाचार सीएमओ ने किया है, लेकिन सरकार उसमे कारवाई करने से हाथ खींच रही है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के भ्रष्टाचार के मामलों में जिम्मेदारों पर वाजिब कारवाई नहीं होते तक कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रखेगी।

---

## क्षेत्र का सर्वांगीण विकास भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता : घम्मन साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के वनांचल में स्थित ग्रापं देवरी में 8 लाख की लागत से संपादित विकास कार्यों का लोकार्पण जिपं सभापति व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष जनपद सदस्य मंजू धुर्वे रही जबकि विशिष्ट अतिथि पांडादाह मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा, सरपंच केजराम साहू, मानिक टंडन, मो याहिया नियाजी विशिष्ट अतिथि थे।

मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने वार्ड 4 सिन्हा पारा में सामुदायिक भवन और वार्ड 6 में बलौदा पाठ मंदिर में निर्मित कांक्रीटीकरण और गेट निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने कहा कि भाजपा सरकार के रहते देवरी सहित पूरे क्षेत्र के किसी भी गांव में जरूरी विकास कार्यों को कराने में कभी भी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है। देवरी से आत्मीय लगाव की बात के साथ कहा कि उन्हे यहॉ आकर प्रसन्नता मिलती है। पद आते जाते रहता है पर भाजपा सरकार के रहते यहां विकास में कभी भी कोई कमी नहीं आने देंगे। पंचायत पदाधिकारियों ने एकजुट होकर गांव हित और विकास को लेकर बेहतर काम किया है।



#### पंचायत प्रतिनिधियों ने किया है खूब विकास

समारोह के विशिष्ट अतिथि पांडादाह मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा ने कहा कि देवरी में सरपंच के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव में खूब विकास कार्य कराया है जिसे देखकर और ग्रापं के प्रतिनिधियो को प्रेरणा लेनी चाहिए। सरपंच केजराम साहू ने कहा कि उन्होने गांव के हर क्षेत्र में बेहतर विकास को लेकर सभी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से काम हो पाया है। कार्यक्रम का संचालन मो याहिया नियाजी ने और आभार प्रदर्शन उप सरपंच मानिक टंडन ने किया। इस अवसर पर सचिव नाजनीन नियाजी, केवल साहू, रेखा वर्मा, राधा केलकर, मंटोरा वर्मा, रामसुख कंवर, हरलाल केलकर, प्रेम लाल वर्मा, सुकृत वर्मा, मनोज गैंढ़े, दीप वर्मा, मोतीलाल सिन्हा, मोहन सिन्हा, सतीश टांडेकर, प्रशांत चौरे, देवदास चौरे, भरत वर्मा, पंचू साहू, मेहतर साहू, पंच राम साहू, हुकुम सिंह वर्मा, चंद्र बहादुर वर्मा, दुखू लाल सिन्हा, चैतराम कोसरे, भूमिका चौरे, मनोज वर्मा, लाला सेन, राजकुमार साहू, कार्तिक धुर्वे, ईतवारी यादव , राम्हु यादव, रोहित, रमहला धुर्वे, नरेश चंद्रवंशी, रोहित कुमार खरे, लेखू गैंढ़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

## पूमाशा में मना मानवाधिकार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मंथली प्लान ऑफ एक्शन तहत व छग राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा पूमाशा खम्हारडीह में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला व अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने विश्व मानवाधिकार दिवस का जिक्र करते हुए बच्चों से कहा कि जो अधिकार मानव को जन्मजात प्राप्त होते हैं उसे मानव अधिकार कहते हैं।

10 दिसंबर 1948 को गठित संस्था विश्व में मानव हितों की रक्षा करने के साथ ही उनके अधिकारों की भी रक्षा करती है , किंतु हमारे देश की विडंबना है कि आजादी के 75 वर्ष के बाद भी मानवाधिकार के हनन के मामले सामने आ रहे है। शिक्षा की कमी है और अधिकारों से परिचित नहीं होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है इसलिए अपने अधिकारों को जानना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अधिकारों के प्रति जागरूक रहने कहा। जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन ने कहा कि हरेक व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना बेहद जरुरी है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक को यह पता होना चाहिए कि उसे संविधान ने क्या क्या मौलिक अधिकार दिया है।

सरकार ने लोगों के हित के लिए सेवा का अधिकार दिया है। सरकारी और गैर सरकारी ऑफिसों में काम को लेकर अलग-अलग दिनों का निर्धारण किया गया है इसकी जानकारी होनी चाहिए। किसी से जबरदस्ती कोई काम नहीं कराया जा सकता है। पुलिस की कार्रवाई के लिए भी पैरामीटर बना है वह भी मानव अधिकारों के दायरे में रहकर काम कर सकती है।

#### अधिकार के संबंध में दी जानकारी

पीएलवी गोलूदास साहू ने मूल अधिकार और मूल कर्तव्य के बारे में बताते हुए कहा कि संविधान में कुल छै मूल अधिकार हैं इससे दुगुना मूल कर्तव्य है। मूल कर्तव्य को दुगुना रखने का कारण बताते हुए कहा कि यदि हम अपने मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे तो हमारे अधिकार अपने-आप सुरक्षित हो जाएंगे। संविधान में प्रदत्त अधिकारों से अधिक मूल कर्तव्य के पालन की आवश्यकता है। हमें दूसरों को किताबी ज्ञान देने से पहले अपने आप को सुधारना होगा। न्याय और अन्याय में भेद करना चाहिए। इस दौरान प्रधान पाठक भीखम लाल मंडावी, शिक्षक सुधांशु झा, गणेश प्रसाद जंघेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

**आईटीआई में प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप कैम्प 20 को : राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 20 दिसंबर को कैरियर-ट्री द्वारा सुजुकी मोटर गुजरात प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन गया है। कैम्प में सभी शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2018 से 2024 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, आटोमोबाईल, ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रानिक्स, वायरमैन और शीटमेटल के केवल पुरूष उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड के मूल प्रमाण-पत्र एवं तीन छायाप्रति सेट तथा पांच पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

### मैराथन दौड़ 21 को

**डोंगरगांव।** मार्निंग यूथ क्लब के तत्वावधान में आगामी 21 दिसंबर को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। दौड़ में विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 5 हजार दिया जाएगा। आयोजन से जुड़े प्रफुल्ल जैन राजा ने बताया कि इस स्पर्धा में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। एंट्री निःशुल्क हैं।

---

## साइकिल स्टैंड के लिए विप्लव ने दिया दो 2 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के ग्राम पंचायत झीकादाह आश्रित गाड़ाघाट चौक के शासकीय पूमाशा में जिपं सभापति विप्लव साहू ने जिला पंचायत विकास निधि से दो लाख की लागत से बनने वाले साइकिल स्टैंड का भूमि पूजन किया।

सरपंच प्रतिनिधि जनक पाल, जिला सतनामी समाज अध्यक्ष खुमान देशलहरे, पंच चंद्रकुमार चंदेल, राकेश तिवारी, शैक्षिक प्रगतिशील मंच के नीलेश यादव, डॉ मिथलेश साहू, प्रकाशपुर के पूर्व सरपंच घनश्याम साहू, राकेश बंजारे, महेंद्र जंघेल, कोमल साहू की मौजूदगी मे आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम मे जिपं सभापति श्री साहू ने कहा की शिक्षा किसी इंसान के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। जनप्रतिनिधियों के साथ हर किसी को शिक्षा और शिक्षा हित में लगातार निर्णय और गतिविधियां करनी चाहिए तभी हमारी नई पीढ़ी और समाज मजबूत रहेगा। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं, शाला स्टाफ सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थिसत थे। प्रधान पाठक ने जिपं सभापति का आभार व्यक्त किया।

---

## शहीद वीरनारायण सिंह को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




जिले के अनुसूचित जनजाति बालक बालिका छात्रावास/आश्रम में शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन मे आयोजित कार्यक्रम में इस दौरान रैली निकाली गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई वही रंगोली स्पर्धा सहित अन्य गतिविधिया हुई। पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास खैरागढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आदिवासी लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। रैली निकालकर शहीद वीर नारायण की वीरता का बखान करते हुए नारे लगाए। इस दौरान गीत, कविता, भाषण, जीवन परिचय, निबंध, पेंटिंग और एकल नृत्य सहित सामूहिक आदिवासी संस्कृति पर आधारित नृत्य का प्रदर्शन किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग देवेन्द्र सिंह द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान शौर्य, शहादत के बारे में संक्षेप में उद्बोधन दिया। इस दौरान गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज पदाधिकारी व वार्ड नंबर चार पार्षद सुमित टांडिया, पोस्टमैन मिथलेश मरई, धर्मेंद्र बघेल, चंद्रहास पांडे, विनय यादव, शैलू पांडे, नोडल अधीक्षक सूर्यकांत करवार, हितेश सिंह, अधीक्षक बोधन जोशी सहित अन्य स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में स्टुडेंट्स उपस्थित थे।

---

### जिला स्तरीय सामान्य सभा की बैठक आयोजित

# रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय सामान्य सभा की बैठक संरक्षक, उपसंरक्षक, आजीवन सदस्यो की उपस्थिति में हुई। सदस्यों के स्वागत, सामान्य परिचय बाद कलेक्टर ने सोसायटी की स्थापना, उद्देश्य और कार्यप्रणाली के विषय में संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि यह स्वैच्छिक मानवतावादी संगठन है, जो आपदा/आपातकालीन परिस्थिति में राहत, बचाव कार्य के लिए निस्वार्थ भाव से तत्पर रहता हैं। कमजोर, असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा आतुर रहने के अलावा समुदायों के स्वास्थ्य और देखभाल के लिए भी बेहतर ढंग से काम करता है। विश्व के सबसे बड़े स्वतंत्र मानवतावादी संगठन अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस व भारतीय रेडक्रॉस का मिशन मानवीय गतिविधियों के सभी रूपों को हर समय प्रेरित, प्रोत्साहन करना और शुरू करना है ताकि मानव पीड़ा को कम किया जा सके और शांति के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करने में योगदान दिया जा सके।

#### विक्रांत अध्यक्ष, भागवतशरण उपाध्यक्ष बने

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने जिला स्तरीय प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया से अवगत कराने के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की। मौजूद सदस्यों द्वारा प्रबंध समिति के सदस्यों के नामों का अनुमोदन लिया गया जिसमें यशोदा वर्मा, विकांत सिंह, गिरजा चंद्राकर, भागवतशरण सिंह, बिसेसर दास साहू, नीलाम्बर वर्मा, प्रमोद सालेचा, रावलचंद कोचर, नरेन्द्र सोनी, सुधीर गोलछा, सुधीर सिंह, संजय शर्मा, रेखा गुप्ता, मोनिका रजक, डॉ. एंजला मोहये, बृजेश श्रीवास्तव, टंकेश्वर प्रसाद साहू, रेणुका रात्रे, राजीव चंद्राकर, दिनेश ओसवाल, नवीन जैन, डॉ. विवेक बिसेन, शुभम सिंह ठाकुर सर्वसम्मति से प्रबंध समिति के निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए। समिति गठन के तत्काल बाद प्रथम बैठक आयोजित की गई जिसमें चेयरमैन विकांत सिंह, वाइस चेयरमेन निलाम्बर वर्मा, कोषाध्यक्ष सुधीर गोलछा व राज्य प्रतिनिधि बिसेसर दास साहू सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए। समिति पदाधिकारियों के नामो की घोषणा बाद निर्वाचन कारवाई का समापन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी के जिला शाखा अध्यक्ष सह कलेक्टर द्वारा उपाध्यक्ष पद पर भागवतशरण सिंह को मनोनीत किया गया। जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल द्वारा समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामना दी गई।

---

## मोदी सरकार दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है

- किसानों के कल्याण और विकास को प्राथमिकता देते हुए काम कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राज्यसभा में किसानों को फसलों में ज्यादा का एमएसपी तय करने के साथ ही किसानों के उपज खरीदी कर किसानों को लाभकारी मूल्य देने केंद्रीय कृषि, कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा द्वारा प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए आश्वस्त करने पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने केंद्रीय मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम मोदी सरकार की गारंटी वाले वादे को पूरा करने की गारंटी है।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दूरदर्शिता से काम कर रही है। पहले 13-14 में मात्र 21 हजार 900 करोड़ रुपयों का कृषि बजट था जो अब मोदी सरकार में बढक़र 1 लाख 22 हजार 528 करोड़ हो गया है सरकार का लक्ष्य है कि उत्पादन बढ़े, लागत घटे और उसका उचित मूल्य किसानों को मिले। फसल नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के द्वारा होना है इसके अलावा प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में भाजपा की डबल इंजिन सरकार काम कर रही है।

## सार समाचार



### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्राम नरेठीटोला (कुमरदा) में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीणों एवं शाला परिवार के सहयोग से किया गया। स्पर्धा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घासीराम साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि श्री साहू ने खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए बधाई देते पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर नीरेंद्र साहू, कैलाश शर्मा, अनिरुद्ध चंद्राकर, सावित्रीबाई, बोधन साहू, नूनकरण भुआर्य, मोहन यादव, गोकुल गोर्रा, प्रताप सिंह महला, सुंदरलाल साहू, दिनेश साहू, कोमल सिन्हा, नवीन साहू, चोवाराम साहू, चित्रागन साहू, प्रदीप साहू, संकुल के समस्त स्टाफ, शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सीमेंट क्रांक्रीट रोड निर्माण का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** नगर विकास की कड़ी में महापौर हेमा सुदेश देशमुख द्वारा मंगलवार को वार्ड नं. 7 के स्टेशन पारा रोड में शीतला मंदिर के पास 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी तथा पूर्व पार्षद माया शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली सहित वार्डवासी की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर श्रीफल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रीतराम साहू, जसपाल ढल्ला, गोपाल सिन्हा, ऋषि रजक, भगत यादव, शेख अनीस, हेमराज साहू ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत उद्यान, तालाब सौंदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन अंतर्गत स्वीकृत राशि से शहर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नं. 7 में शीतला मंदिर के पास सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। इसी प्रकार अन्य विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्ड में कराए जाएंगे। इस अवसर पर उप अभियंता सुषमा साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



### हड़ताल से कामकाज ठप, स्वच्छता दीदियां भी नाराज

**राजनांदगांव।** शहर में इस समय हड़ताल का दौर चल रहा है। नगर निगम से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों द्वारा अपनी अलग-अलग मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। नगर निगम के अनियमित कर्मचारियों के बाद नियमित और अब स्वच्छता दीदियों ने भी हड़ताल शुरू कर दी है। शहर के कचरा संग्रहण केन्द्रों में कार्यरत स्वच्छता दीदी और स्वच्छता मित्रों ने अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल करते कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन देकर अक्टूबर और नवम्बर माह का वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को रखा है।



#### बिगड़ रही आर्थिक स्थिति

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे धरना स्थल पर आज सुबह स्वच्छता दीदियां भी सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुई और अपनी चार मांगों को लेकर शासन और प्रशासन से गुहार लगाई है। इस दौरान स्वच्छता दीदियों ने कहा है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता है। बीते अक्टूबर और नवंबर माह का वेतन अब तक नहीं दिया गया है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है।

#### ज्ञापन के माध्यम से रखीं 4 मांगें

अपने प्रदर्शन के दौरान स्वच्छता दीदियों ने प्रतिमाह 10 तारीख के भीतर वेतन भुगतान करने, कलेक्टर दर पर वेतन में वृद्धि करने, स्वच्छता दीदियों को रविवार का साप्ताहिक अवकाश देने। कचरा संग्रहण से निकलने वाले कबाड़ सामग्री विक्रय करने की स्वतंत्रता देने, कबाड़ी में अनुबंध समाप्त करने और स्वच्छता दीदी व स्वच्छता मित्रों को राज्य कर्मचारी बीमा निगम का लाभ प्रदान करने की मांग की है।

### युगांतर में स्टेम ग्रेंड क्वेस्ट इंटर स्कूल स्पर्धा आयोजन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में विद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा स्टेम ग्रेंड क्वेस्ट इंटर स्कूल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग, गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस वृहद आयोजन में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और भिलाई की विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यार्थी प्रतियोगिता के जरिये अपनी क्रिएटिविटी, इनोवेशन, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स का विकास किए। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। जिसमें विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अखराज कोटड़िया, प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू राय अपने सहयोगी शिक्षकों सहित उपस्थित रही। ब्रेन ब्लास्ट क्विज कॉम्पिटिशन में गायत्री विद्यापीठ प्रथम, युगांतर पब्लिक स्कूल द्वितीय, टेक्नो ट्राइब डिजिटल प्रेजेंटेशन में डीपीएस भिलाई प्रथम, नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वितीय, रैपिड रिट्रोफिट प्रोजेक्ट मेकिंग में युगांतर पब्लिक स्कूल प्रथम, नीरज पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर रही। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को आकर्षक कैश प्राइज और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने भविष्य में पुरस्कार की राशि बढ़ाने का भी ऐलान किया।




### सुरगी में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो भारत सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रेडा विभाग अंतर्गत संभाग स्तरीय ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर किसानों के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को ऊर्जा दक्ष पंपों के चयन संचालन, संधारण, सुरक्षा की जानकारी तथा नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कार्यशाला के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में प्रशिक्षण से किसान अपने सौर कृषि पंप का चयन, संचालन व संधारण कर ऊर्जा एवं जल संरक्षण को और अधिक दक्षता पूर्वक कर सकेंगे। सौर ऊर्जा का उपयोग करने से न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा।

म्युनिसिपल स्कूल मैदान का हाल बेहाल

# वाहन के पहिये रौंद रहे 32 लाख के घास का मैदान, कर रहे पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लाखों रुपए खर्च करने के बाद म्युनिसिपल स्कूल मैदान अब कर पार्किंग के लिए रह गया है। यहां मैदान के भीतर शान से कार की पार्किंग की जा रही है, जिन्हें रोकने और टोकने वाला कोई भी नहीं है। आयोजनों के लिए मनाही करने वाले खेल संगठन भी मुख्य दर्शक बने हुए हैं। ऐसा लगता है कि अब इस मैदान से किसी का वास्ता नहीं रहा है, तभी तो दिनभर में दर्जनों कार मैदान के भीतर लाई जाती है और दिनभर यहां खड़ी कर दी जा रही है।

#### मैदान ने दिए ओलंपिक के खिलाड़ी

मैदान के सीने पर पहियों के निशान इस मैदान से उपजने वाले भविष्य के खिलाड़ियों को अपने पहिये तले रौंद रहे हैं। म्युनिसिपल स्कूल के इसी चट मैदान से कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं, जिन्होंने ओलंपिक तक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस मैदान में प्रैक्टिस कर भविष्य के खिलाड़ी भी भारत के लिए मेडल ला सकते हैं, लेकिन खिलाड़ियों के भविष्य को मैदान की दुर्गति करने वाले वाहन चालक अपने पहियों

#### मैदान के भीतर कार पार्किंग

म्युनिसिपल स्कूल के इस घास मैदान में कार पार्किंग किए जाने से मैदान खराब हो रहा है। वहीं स्कूली बच्चे भी इस मैदान में खेलते हैं। इस दौरान वाहन चालकों द्वारा तेज गति से अपनी कर मैदान के भीतर लाई जाती है। जिससे कभी भी स्कूली बच्चों के साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। इसके बावजूद मैदान के भीतर वाहन के प्रवेश पर रोक नहीं लगाई जा रही है।



#### सिर्फ एक हिस्से में हरियाली

म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगभग 32 लाख रुपए की लागत से घास लगाया गया है, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण में प्राकृतिक घास का मैदान मिल सके, लेकिन इस मैदान में वाहनों के प्रवेश और मैदान की देखरेख में व्यवस्था नहीं किए जाने के चलते मैदान के एक हिस्से पर ही हरियाली नजर आ रही है और एक हिस्सा सूखा पड़ा है। बताया जाता है कि समीप के एक फार्म के चौकीदार और एक पान ठेला व्यवसायी द्वारा यहां पर आकर पंप चालू कर पानी डाला जाता है, लेकिन पाईप की लंबाई बड़ी नहीं होने की वजह से मैदान के एक हिस्से को ही पानी मिलता है। जिससे मैदान का दक्षिणी क्षेत्र में ही घास है और उत्तरी क्षेत्र सूखा पड़ा है।

#### आयोजनों के लिए तोड़ा गया स्ट्रक्चर

म्युनिसिपल स्कूल के इस घास के मैदान को विभिन्न आयोजनों के लिए दिया जाता है। बीते दिनों हुए कुछ आयोजनों में आयोजनकर्ता द्वारा मैदान की बाउंड्री वाहन को भीतर लाने के लिए तोड़ी गई थी। आयोजन के बाद इस बाउंड्री की मरम्मत नहीं किए जाने के चलते अब यह वाहन लाने का रास्ता बन गया है। यह रास्ता मैदान के मुख्य द्वार की ओर से बनाया गया है। जिससे मैदान के भीतर पार्किंग किए जाने वाले सभी कार को लाया जाता है।

## आयुक्त ने हसीना बानो को छह माह के लिए भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता अधिकारी दुर्ग संभाग ने हसीना बानो को छह माह के लिए जिला जेल में निरूद्ध करने आदेशित किया

आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता अधिकारी दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर ने स्टेशनपारा निवासी श्रीमती हसीना बानो को स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम के तहत छह माह के लिए राजनांदगांव जिला जेल में निरूद्ध करने आदेशित किया है। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार श्रीमती हसीना बानो द्वारा अवैध गांजा बिक्री करने के संबंध में मोहल्ले में आरोपियों के लिए आक्रोश व्याप्त है। वर्तमान में छोटे-छोटे बच्चे शराब, गांजा नशे के आदी होते जा रहे हैं। वह गांजा बिक्री के कार्य से बाज नहीं आ रही है और लगातार गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिल रही है। इसी उपराध के दृष्टिगत आम जनता के स्वास्थ्य के हितों के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है।

### विखं स्तरीय स्वास्थ्य शिविर 14 से

**राजनांदगांव।** शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में स्वास्थ्य शिविर जांच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 14 से 20 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 दिसंबर को छुरिया, 16 को डोंगरगांव, 17 को डोंगरगढ़ एवं 20 दिसंबर को घुमका में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने की उज्जवल भविष्य की कामना

## 3 उप निरीक्षकों को स्टॉर लगाकर निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने तीन उप निरीक्षकों को स्टॉर लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया है।

विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के आदेश दिनांक 11 अक्टूबर के माध्यम से राज्य में 9 उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हेतु आदेशित किया गया था। जिसमें से जिला राजनांदगांव के तीन उप निरीक्षक हैं। उक्त आदेश के तहत 11 दिसंबर को कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा थाना लालबाग में पदस्थ उप निरीक्षक योगेश कुमार पटेल, थाना डोंगरगढ़ में पदस्थ उप निरीक्षक शंकर गिर गोस्वामी, थाना सोमनी में पदस्थ उप निरीक्षक संतोष कुमार जायसवाल को स्टॉर लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।



पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्वल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, थाना डोंगरगढ़ प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## गीता जयंती पर निकली शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** शहर के लालबाग स्थित झंडा साहेब मंदिर में गीता जयंती एवं मोक्षदा एकादशी के अवसर पर श्रीमद भगवद गीता प्रवचन का आयोजन किया गया।



संत कंवरराम सेवा समिति द्वारा इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो हेमू कालाणी नगर के विभिन्न मार्गों से भक्ति-भजन के साथ गुजरी। इस दौरान जगह-जगह पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा के अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर महाप्रसादी भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी ग्रहण किया।

## अवैध शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया

- 20 पौवा देशी प्लेन शराब सहित बिक्री की रकम जब्त

#### तालाब के पास पकड़ाया आरोपी

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर 20 पौवा देशी प्लेन शराब शोले एवं बिक्री की रकम बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिलेभर में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना व पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।

कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 10 दिसंबर को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटनास्थल मठपारा तालाब के पास पुलिस ने दबिश देकर आरोपी रोहित सूर्यवंशी 19 वर्ष साकिन कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्राड कीमती 1800 रुप एवं बिक्री रकम 220 रुपए बरामद किया।

आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाए जाने से धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर कार्रवाई किया गया। पुलिस के अनुसार आगे भी असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय बरेठ, प्रधान आरक्षक शंभूनाथ द्विवेदी, आरक्षक नामदेव नागवंशी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## मिली करोड़ों की सौगात, जताया आभार

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में 8 करोड़ 60 लाख रुपए की विकास कार्यों की मंजूरी मिलने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आभार जताया है।

जारी प्रेस नोट में मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्षेत्र की जनता को सदैव अपना परिवार माना है। उन्होंने क्षेत्र में लगातार विकास की गंगा बहाई है। मोनू ने कहा कि विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते डॉ. सिंह के अथक प्रयासों से राजनांदगांव के विकास के लिए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से कुल 8 करोड़ 60 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 113 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



इन कार्यों में राजनांदगांव के शहरी क्षेत्रों/वार्डों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शेड निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण और जिम सामग्री के लिए 5 करोड़ 63 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत दी गई है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, छत निर्माण, सांस्कृतिक मंच और नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए 2 करोड़ 63 लाख 30 हजार रुपए तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, मंच और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

मोनू ने कहा कि निर्माण की इस कड़ी में खेल जगत, ग्रामीणजन सहित सभी सामाजिक लोगों का ख्याल रखा गया है। इन विकास कार्यों से न केवल राजनांदगांव के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि यहां के निवासियों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

मोनू ने कहा कि पांच वर्ष तक कांग्रेस के अंधकारमय शासन के बाद अब विष्णु के सुशासन में प्रदेश की जनता खुलकर सांस ले पा रही है और राजनांदगांव की जनता को जो प्रेम डॉ. रमन सिंह का मिल रहा है।

## किसानों के हक की लड़ाई में कांग्रेस के कार्यकर्ता जेल भी जाने को तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

धान खरीदी को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत जारी है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए एकमुश्त किसानों के खाते में देने के वादे को लेकर चुनौती दी है।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में पधारे दीपक बैज ने कहा कि विष्णुदेव साय किसी किसान के खाते में एकमुश्त 3100 रुपए दे रहे हो या काउंटर लगाकर किसानों को एकमुश्त राशि दे रहे हो तो मुझे मुख्यमंत्री बता दें, यदि दे रहे हैं तो मुझे जो सजा देंगे मैं उसके लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि किसानों के हक की लड़ाई में कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जेल जाने को तैयार है।

धान खरीदी में अनियमितता एवं अव्यवस्था को लेकर जिला कांग्रेस द्वारा मोहला में आयोजित धरने में पीसीसी चीफ शामिल हुए। दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ सरकार पर धान खरीदी में वादा खिलाफी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी को लेकर सरकार किसानों के साथ भेदभाव व षडयंत्र कर रही है।



#### चुनाव के मद्देनजर लिया बैठक

एक दिवसीय दौरे के दरमियान रात में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को लेकर बैज ने मोहला में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी किया। बैज ने कार्यकर्ताओं को चार्ज किया एवं कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को गंभीरता से लेते अभी से तैयारी करना शुरू कर दें। बैठक में प्रदेश महासचिव शाहिद खान, जिला प्रभारी आफताब आलम, प्रदेश सचिव मेहुल मारू, महामंत्री संजय जैन, जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, महिला जिलाध्यक्ष शाहिदा खान, विधायक भोलाराम साहू, तेजकुंवर नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष लच्छू साबले, नोहरूराम कुमेटी, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मीना मांझी, सुरजीत सिंह ठाकुर, देवानंद कौशिक, अब्दुल खलीक, दिनेश शाह मंडावी, लगनूराम चंद्रवंशी, राजकुमार ध्रुव, पन्ना मेश्राम, सुभद्रा नेताम, सरस्वती ठाकुर, उत्तरा निषाद, बलराम ठाकुर, अभिमन्यु मंडावी, बालचंद कोरेटी, गमीता लोनहारे, कन्हैया राजपूत, अवध चुरेंद्र, कविता राणा, मनीष निर्मल, कपिल कोमरे, अजय राजपूत, सुजान पुरामे, हरिशंकर मिश्रा, दिनेश साहू, राजेंद्र चक्रधारी, इंद्राशन पिस्दा, दीपिका राजपूत, चाणक्य मेरिया सहित सीनियर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### किसानों के हित में कांग्रेस सरकार में किए कार्यों को गिनाया

दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश ने 15 साल से भाजपा के रमन सिंह सरकार के भ्रष्टाचार से जनता हलाकन और परेशान हो गई थी। रमन सिंह के शासन में किसान जवान विरोधी नीतियों के कारण 2018 में छग की जनता ने कांग्रेस को भारी बहुत में 68 सीटें दिलाई और जैसे ही भूपेश बघेल ने शपथ लिया, उसके 1 घंटे के भीतर किसानों का कर्जा माफ किया था। किसानों का एक-एक दाना धान को खरीदने का काम अगर किसी ने किया है, वह कांग्रेस है। किसानों से उपज का केवल 15 क्विंटल खरीदा जा रहा था, जिसे कांग्रेस ने 20 क्विंटल किया। किसानों से कम से कम दाम में धान खरीदी किया जाता था, जिसे हमने 2500 रुपए दिया। केंद्र के मोदी सरकार के अड़ंगा बाद राजीव गांधी न्याय योजना के तहत 4 किस्तों में राशि दिया, जो हर सीजन में किसानों के हित में उपयोग होता था। किसान, जवान, महिला सशक्तिकरण, तेंदूपत्ता संग्रहण में अधिकाधिक समर्थन मूल्य देने का कार्य कांग्रेस की सरकार ने किया है।

### कॉन्फ्लुएंस में गेस्ट लेक्चर का आयोजन




**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आत्मा प्रेरणा और सकारात्मक दृष्टिकोण पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया।

मुख्य प्रवक्ता शासकीय नवीन महाविद्यालय जालबांधा के वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन ने बताया कि आत्म-प्रेरणा व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों तरह से विकास के लिए एक आवश्यक कौशल है। एक व्यक्ति जो अपनी इच्छाओं, मूल्यों और प्राथमिकताओं को समझता है, वह समझ सकता है कि वास्तव में उसे क्या प्रेरित करता है और बदले में अपनी ऊर्जा को पूर्णता तक पहुंचने निर्देशित कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों में व्यक्तिगत प्रेरणा बढ़ाने उनके अंदर प्रेरणा जगाने बहुत से तरीके बताएं। अपने आसपास सकारात्मक और स्वस्थ लोगों को रखें, जीवन के अर्थ और उद्देश्य के बारे में अपने विश्वासों का अन्वेषण करें, स्वस्थ शारीरिक आदतें विकसित करें। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि सेल्फ-मोटिवेशन जिंदगी के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

## ढाबा में शराब पिलाने करा रहे थे जगह उपलब्ध, पुलिस ने दी दबिश

### तीन के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाबों में अवैध रूप से शराब पिलाने के लिए जगह उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने तीन ढाबों में दबिश देकर तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लालबाग नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत अवैध जुआ, सट्टा, शराब एवं चाकूबाज के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत लालबाग पुलिस द्वारा अभियान चलाकर



ढाबा में शराब पीने के लिए जगह मुहैया कराने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

#### मचा हड़कंप

ज्ञात हो कि पूर्व में भी लालबाग पुलिस द्वारा अभियान चलाकर चार ढाबों में दबिश दी गई थी, जहां शराब पिलाने के लिए जगह मुहैया कराने के चार आरोपियों को पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से अवैध रूप से शराब पिलाने के लिए जगह मुहैया कराने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

#### तीन ढाबों में दी दबिश

पुलिस सूत्रों के अनुसार देवांगन ढाबा परिसर पेंड्री में आरोपी संजय वर्मा 24 साल निवासी कैलाश नगर भरकापारा, रेवाड़ीह साहू फैमिली ढाबा परिसर में आरोपी संजय टेम्बुकर 29 साल साकिन साहू फैमिली ढाबा रेवाड़ीह, शेरे पंजाब ढाबा परिसर पेंड्री में आरोपी सुरजीत सिंह 58 साल साकिन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कौरिनभाटा तीनों ढाबा में शराब पिलाने के लिए जगह मुहैया कराते मिले। जिनके खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### पोलमी में मानव अधिकार दिवस मनाई गई




**हरिभूमि कुई कुकदूर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार थाना कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार विशेष दिवस प्लान ऑफ एक्शन के तहत 10 दिसम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोलमी में विश्व मानव अधिकार दिवस मानवाधिकारों की पहली वैश्विक घोषणा और नए संयुक्त राष्ट्र की पहली प्रमुख उपलब्धियों में से एक मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा को 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंगीकरण और उद्घोषणा का सम्मान करने के लिए तिथि का चयन किया गया था। मानवाधिकार दिवस की औपचारिक स्थापना 4 दिसम्बर 1950 को महासभा की 317वीं पूर्ण बैठक में हुई जब महासभा ने संकल्प 423 (वी) की घोषणा की, जिसमें सभी सदस्य राज्यों और किसी भी अन्य इच्छुक संगठनों को इस दिन को मनाने के लिए आमंत्रित किया गया था। मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दिया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर सालिक राम बांधव द्वारा बच्चों को संविधान के संदर्भ में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। संविधान के महत्व एवं कानून के बारे में जन-जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रामप्यारे पेंद्रो, वरिष्ठ शिक्षक अंजोर सिंह सिदार, मो. फिरोज खान शिक्षक गण राकेश कुमार सोनी, सरोज मुराली, भीषम कृषे, ईश्वर चेलक, प्रभात जांगडे, विजयपाल तंवर, लोकेश परस्ते उपस्थित थें। कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 160 से अधिक बच्चों एवं स्कूल के स्टॉफ को लाभान्वित किया गया।

### ग्रामीण क्षेत्र में संचालित फैक्ट्री में गुड़ बनाने का कार्य जोरो पर



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा गन्ना फसल की खेती किसानी भारी मात्रा में किया जा रहा है। वहीं शहर व क्षेत्र में संचालित गुड़ फैक्ट्री होने से ग्रामीण किसान गन्ना फसल की कटाई छटाई कर ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर सीधे गुड़ फैक्ट्री ले जा रहे हैं। जहां ग्रामीण किसानों की हरा सोना गन्ना फसल की अच्छी पैदावार होने से 310 से 315 रुपए तक प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है वहीं क्षेत्र में संचालित कई छोटे बड़े गुड़ फैक्ट्री में मजदूरों द्वारा गन्ना पेराई मशीन से रस निकालकर गुड़ बनाने का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गुड़ एक औषधि के रूप में उपयोगी होता है जो मनुष्य के पाचन क्रिया को शक्ति प्रदान करता है साथ ही साथ ठंडा के दिनों में गुड़ का चाय पीना फायदेमंद होती है तथा सर्दी-जुकाम में राहत दिलाता है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ दिवस विवि कार्यक्रम में शामिल हुए जिलाध्यक्ष बलवीर



**हरिभूमि कोलेगांव।** हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण सेवा समिति जिलाध्यक्ष बलवीर राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ दिवस मे राजीव गांधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय लोरमी में बालिका इकाई कार्यक्रम की भव्य शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की समक्ष दीप प्रज्वलित कर राजकीय गीत गाकर बौद्धिक परिचर्चा का कार्यक्रम शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमर भोरमदेव कला समिति कल्याण समिति जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्ड विजेता बलवीर गजानंद विश्वकर्मा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा संगीता सदाना की पेंटिंग बनाकर कला के महत्व को समझाया साथ ही साथ अपने जीवन में घटित पेंटिंग यात्रा की रंगीन दुनिया के बारे में बताए व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर गीत गाया। इस दौरान व्याख्याता सुशील कुमार जांगड़े, प्राचार्य वीरेंद्र गंधर्व, सोनूराम साहू, रघुनाथ राठौर द्वारा शिविर में गुरुकुल के समान रहकर विद्या अध्ययन करने तथा विद्यार्थी जीवन के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एनएसएस वालंटियर पूर्णिमा जायसवाल द्वारा श्रीराम चरित्र मानस की महिमा का बखान किया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता श्रीमती निधि सिंह द्वारा आगामी चुनाव से संबंधित मतदाता जागरूकता अभियान हेतु नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण एनएसएस वालंटियर के माध्यम से करवाया गया। इस दौरान मनीष कश्यप, दुर्गा प्रसाद साहू, रेतराम साहू, जागेश्वर खांडे, संगीता, भूमिका, प्रियंका, आराधना, नेहा, आकांक्षा, रीमा, वर्षा सहित अनेक स्वयं सेवक उपस्थित थें।

### ग्राम सिंघनपुरी में जैतखाम परिसर का बाउंड्रीवॉल कार्य जोरों पर, ग्रामीणों में उत्साह



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में सतनाम समाज द्वारा भव्य जैतखाम का निर्माण कराया गया है, वहीं जैतखाम परिषर की बाउंड्रीवॉल 3 लाख स्वीकृत राशि से ग्राम पंचायत द्वारा जैतखाम परिपर की बाउंड्रीवॉल कराया जा रहा हैं ताकि जैतखाम परिषर सुरक्षित हो सके और सतनामी समाज के लोगों को सुविधा मिल सके। वहीं ग्राम सिंघनपुरी में बाउंड्रीवॉल का कार्य अंतिम चरण में है वहीं छबाई व रंग रोगन का कार्य जोरों से किया जा रहा है ताकि 18 दिसम्बर को बाबा गुरूघासी दास जयंती बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, उक्त जानकारी सिंघनपुरी निवासी शिवकुमार बंजारे ने दी।

# बैरागपारा के वार्डवासी ने स्थाई पट्टे की मांग को लेकर पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



नगर पंचायत पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती राजिन गायकवाड़ के निर्देश पर जन जागरूक अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव गायकवाड़ द्वारा बैरागपारा पंडरिया के निवासियों कि लगभग 150 घर से अधिक की संख्या में ग्रामीण परिजन स्थाई पट्टे की मांग को लेकर जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा से अपनी मांग व मंडी समिति सहित नगर पंचायत के प्रस्ताव की प्रति व दस्तावेजों के आधार पर जल्द से जल्द जांच कराकर उचित कार्यवाही कर पट्टे दिलाने की कार्यवाही व मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव गायकवाड़ ने कवर्धा कलेक्टर श्री वर्मा को स्थानीय लोगो की जमीन पट्टे की समस्या से अवगत करवाते हुए पूरी जानकारी दिया, उन्होंने बताया कि इन सभी ग्रामीण परिवारों को आवास योजना का लाभ पट्टे की कमियों के चलते आज पर्यन्त नहीं मिला है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष राजिन गायकवाड़, पार्षद चंदन मानिकपुरी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव गायकवाड़ द्वारा विगत चार वर्षों से बैरागपारा के निवासियों को जमीन पट्टे प्रदान करवाने के लिए संघर्षशील है, जिसके परिणाम स्वरूप ग्राम बैरागपारा निवासियों को बड़ी राहत भी इन्ही के प्रयासों से मिली है जिसमे मंडी की जमीन को वार्डवासियों को प्रदान करने के लिए विभागीय कार्यवाही शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि 150 से अधिक परिवारों के निवासरत उक्त जमीन वर्तमान में पंडरिया मंडी के नाम पर दर्ज है। अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव गायकवाड़ ने इस संबंध में कहा कि संघर्ष की जीत और गरीबो के आशियाने की कमी जल्द पूरी हो जाए। इस दौरान शिव गायकवाड़, उमेंद पात्रे, मेहतर सोनवानी, कोमल बांधकर, मनोज गायकवाड़, बिहारी सोनवानी, मुन्ना कुर्रे, राजेन्द कुर्रे, रोहित हर्मन, सुमन गायकवाड, रामफूल पात्रे , उषा बारमते सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### समस्या का निराकरण के लिए जिला दण्डाधिकारी से की मुलाकात व सौंपा ज्ञापन

शिव गायकवाड़, चंदन मानिकपुरी व स्थानीय लोगो के प्रयासों से मुख्य दस्तावेजी कार्यवाही प्रारम्भ हो गई है, जिससे इनकी समस्या का निराकरण हेतु रास्ता खुल गया है। जिस पर बैरागपारा के निवासियों ने अपना आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव गायकवाड़ एवं पार्षद चंदन मानिकपुरी के प्रयास से अब तक मंडी समिति का अनपत्ति प्रस्ताव, नगर पंचायत द्वारा पट्टा प्रदान करने का प्रस्ताव, संबंधित मंडी विभाग रायपुर प्रबंधन कार्यालय द्वारा मंडी जमीन को मंडी हक से हटाकर स्थानीय रहवासियों को प्रदान करने के संबंध में मिली समिति के प्रस्ताव पर अपना लिखित प्रतिवेदन दी गई है। जिसका समूचा दस्तावेज प्राप्त कर ली गई है। वहीं दस्तावेजी आधार देखकर अध्यक्ष प्रतिनिधि का संघर्ष सफलता की ओर जाता दिख रहा है, इन्ही सभी दस्तावेजों के साथ बीते दिन पंडरिया नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा इन सभी परिवारों के साथ कवर्धा कलेक्टर से मुलाकात कर आगे की कार्यवाही हेतु अपना पक्ष रखते हुए मांग व ज्ञापन सौंपा।

### धरना: कांग्रेसियों ने साय सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# कांग्रेस ने बारदाना भेंटकर किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया द्वारा गांधी चौक में धान खरीदी में लगातार हो रहे अव्यवस्था को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें ब्लॉक के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए, इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने प्रदेश की साय सरकार को किसान विरोधी बताकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। कांग्रेस ने ज्ञापन के साथ विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री के लिए बारदाना धान खरीदने के लिए तहसीलदार को भेंट किया। इस धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा सरकार मोदी की गारंटी के तहत 31 सौ रुपए एक मुश्त देने का वादा किया था जो वादा आज तक पूरा नही कर पाए, किसान अपने आप को छला महसूस कर रहा है, डबल इंजन की सरकार बारदाने की व्यवस्था नही कर पा रही है।

इस ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन में शत्रुहन चंद्रवंशी, गुरुदत्त शर्मा, पप्पू ठाकुर, जुगल पाण्डेय, शिवकुमार तिवारी, राजेन्द्र यादव, शारदा सोनवानी, शैलेन्द्र यादव, रवि गुप्ता, बाबूलाल साहू, पंचराम पटेल, प्रहलाद निर्मलकर, अतुल बारगाह, विनोद यादव, चंद्रभान टण्डन, त्रिलोकचंद निर्मलकर, शिव गायकवाड़, तामस्कर यादव, तिरिथ साकेत, सोनू यादव, वैभव ठाकुर, सुजीत कुम्भकार, इन्दल चंद्रवंशी, संतोष साहू, अकबर खान, विवेक जैन, विजय मेहता, अजय यादव, रोहित बंधेकर, सुनील ठाकुर, छेदी जायसवाल, शाहदील खान, मनोज राजपूत, मुकेश संवरा, रूपेश चंद्रवंशी, भीम चंद्रवंशी, रामकुमार गायकवाड़, विकास देवांगन, थलेश देवांगन, परस पड़वार, राहुल चंद्रवंशी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



### प्रदेश भाजपा सरकार के खिलाफ साधा निशाना

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राधेलाल भास्कर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से किसान विरोधी रही है, जिसके चलते आज किसान परेशान है समय से टोकन नही कट रहा है। साथ ही साथ पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष व जनपद सदस्य पारस बंगानी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम कर रही है भाजपा सरकार कांग्रेस के कार्यों का उद्घाटन कर रहे है भाजपाई। वहीं युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि 3217 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से एक मुश्त किसानों को भुगतान किया जाए। युवा नेता आनंद सिंह ने कहा कि मणिपुर की घटना से देश आहत है। मणिपुर जल रहा है केंद्र की भाजपा सरकार चुप बैठी हुई है। नगर पालिका के कार्यों को क्षेत्रीय विधायक ने राजनीतिक द्वेष के चलते रोक रखा है। किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने कहा कि न टोकन कट रहा न ही धान की खरीदी हो रही, मुख्यमंत्री याद रखे जो किसान धान बो सकते है वो समय आने पर धनिया भी बो सकते है। कार्यक्रम को घनश्याम साहू, संजू तिवारी, खोवराम भास्कर, राजकुमार अनंत, राजाराम ठाकुर ने सम्बोधित किया।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 23 दिसम्बर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

डड़सेना कलार समाज द्वारा आगामी 23 दिसम्बर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन की जानकारी देते हुए समाज के जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज की एकता को मजबूत करने, नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने और समाजसेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित होगें।

साथ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, प्रांताध्यक्ष कलार समाज युवराज सिंहा, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ किशोर सिंहा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक तथा सनत जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में समाज के प्रतिष्ठित स्थानीय और क्षेत्रीय पदाधिकारी भी अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को गौरवपूर्ण बनाएंगे। जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन समाज की एकजुटता, आपसी भाईचारे और नई पीढ़ी को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। डड़सेना कलार समाज के इस भव्य आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह कार्यक्रम समाज की प्रतिभाओं, सेवाभाव और एकता को नए आयाम देने के साथ एक ऐतिहासिक दिन साबित होगा। उन्होने बताया कि कवर्धा जिले के साथ ही साथ मुंगेली, बिलासपुर व बेमेतरा नजदीकी जिलों से भी समाज के प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। यह पहल समाज के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देगी।

### प्रतिभाओं का सम्मान, समाजसेवियों को मिलेगा गौरव

मिली जानकारी के अनुसार इस आयोजन में समाज की प्रतिभाओं और सेवाभाव से जुड़े व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। रूपेन्द्र जायसवाल ने जानकारी दी कि कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 70 छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त समाज के 15 विशिष्ट व्यक्तियों को डड़सेना गौरव सम्मान और रक्तदान करने वाले समाजसेवियों को रक्त वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समाज के उन व्यक्तियों को प्रोत्साहन देगा, जो समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम सिवनीकला में कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के सुंदूर वनांचल चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिवनीकला में 7 से 10 दिसम्बर तक सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कबड्डी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना व पुलिस एवं समुदाय के बीच विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करना था। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर उपस्थित थें। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन व निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में सैकड़ों टीमों ने भाग लिया। जिसमें ग्राम देवगांव (बालाघाट मध्यप्रदेश) की कबड्डी प्रतिभागियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर 8 हजार रूपए, शील्ड एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान ग्राम अड़वार को 4 हजार रूपए, शील्ड एवं मोमेंटो प्रदान की गई वहीं तृतीय स्थान ग्राम सिवनी को 3 हजार रूपए व शील्ड तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ चौथे स्थान कवर्धा की टीम रही जिसे 2 हजार रूपए व शील्ड एवं मोमेंटो वितरित की गई। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ऐसे कार्यक्रम न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने साइबर क्राइम, यातायात नियमों और अन्य सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी तथा जन-जागरूक रहने की अपील की। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच सकारात्मक संबंध स्थापित करना है। ऐसे आयोजन युवाओं को खेल और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों, दर्शकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय नगर पंचायत के निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया है। निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के आधार पर कुल मतदाता 7326 हैं जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3450 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 3926 थी। दावा आपत्ति के उपरांत कुल मतदाताओं की संख्या 7580 है जिसमें पुरुष मतदाता 3541 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 4039 है। प्रकाशन की संपूर्ण कार्यवाही राज्य निर्वाचन आयोग से नियुक्त पर्यवेक्षक अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की देखरेख में किया गया।

## संगठन महापर्व औपचारिक प्रक्रिया नहीं अपितु लोकतांत्रिक परंपराओं का प्रतीकः वीरेन्द्र साहू



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के पाण्डातराई मंडल में विगत दिनों संगठन महापर्व अभियान के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू उपस्थित थें, कार्यक्रम में उपस्थित मण्डल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र साहू ने कहा कि यह संगठन महापर्व केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी पार्टी की आत्मा, उसकी शक्ति और उसकी लोकतांत्रिक परंपराओं का प्रतीक है। हमारी पार्टी का आधार संगठन है। संगठन ही वह नींव है, जिस पर भाजपा का विशाल वृक्ष खड़ा है। यह महापर्व हमें अपनी विचारधारा, नीतियों और कार्यप्रणाली को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होने कहा कि संगठन का महापर्व कार्यकर्ताओं की भूमिका को सशक्त करता है। भाजपा एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है और यही हमारे संगठन की पहचान है जो लोकतंत्र की सच्ची मिसाल पेश करता है। यहां पदाधिकारी चुने जाते हैं, बनाए नहीं जाते। यह पारदर्शिता और जनसहभागिता का परिचायक है। इस अवसर क्रांति गुप्ता, रूपेश जैन, परमेश्वर चंद्रवंशी, बीरबल साहू, प्रदीप पुरी गोस्वामी, बालाराम चंद्रवंशी, अवधराम चंद्रवंशी, जलेश प्रसाद, विष्णु चंद्रवंशी, कोमल चंद्रवंशी, शिवसहाय गुप्ता, माखन सोनी, नवल गुप्ता, रामकुमार बंजारे, अयोध्या चंद्रवंशी, लिखित चंद्रवंशी, रशीद बघेल, रामू पाण्डेय, प्रीतम जायसवाल, विद्यानंद चंद्रवंशी, भागीरथी साहू, श्रीमती उतरा साहू कोषाध्यक्ष, रमेश केशरवानी सहित सभी बूथों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रधानपाठक के सहयोग से स्वेटर वितरण

**डोंगरगांव।** बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान के अधीनस्थ संचालित प्रायोगिक शाला में प्रधानपाठिका मीना गंगबेर के सौजन्य से कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को ठंड से सुरक्षा के लिए स्वेटर प्रदान किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्थाई वारंटी एवं सरपंच प्रतिनिधि गिरफ्तार

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने जेएमएफसी न्यायालय दुर्ग के आदेश के तहत स्थाई वारंटी छबिलाल साहू पिता गोकरन साहू आयु 40 वर्ष निवासी कोयलारी, थाना सिंघनपुरी जंगल को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि छबिलाल साहू ग्राम कोयलारी के सरपंच का प्रतिनिधि है और पूर्व में भी विभिन्न अपराधों में संलिप्त रहा है। न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंट के तहत छबिलाल साहू पर चोलामंडलम मामले में कार्रवाई की जा रही थी और इसी मामले के तहत उसे सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# नगर पालिका कर्मचारियों ने ताना अनिश्चितकालीन हड़ताल का तंबू, कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

एन नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की राह पकड़ ली है। माना जा रहा है कि अगर समय रहते इन कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त नहीं कराई गई तो इस अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर चुनावी कार्य में तो पड़ेगा ही साथ ही कवर्धा सहित जिले के नगरीय निकायों की पहले से खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। संघ के मुताबिक छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर लम्बे समय से नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा था। जिसके तहत अभी हाल ही में संघ ने अपनी मांगो को लेकर 12 नवम्बर से 14 नवम्बर तक 3 तीन दिवस तक बिलासपुर स्थित नेहरू चौक विकास भवन में हड़ताल कर अपनी मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। लेकिन शासन द्वारा संघ की इन मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। शासन के इस उपेक्षा पूर्ण रवैये को देखते हुए ही अब संघ ने 11 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों की इस हड़ताल का असर पहले ही दिन नगर पालिका परिषद के कामकाज पर दिखने लगा। बताया जाता है कि बुधवार को दिनभर नगर पालिका का कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। ऐसे में अगर संघ की यह हड़ताल लंबी खिंचती है तो निश्चित रूप से इसका व्यापक असर देखने को मिल






**मांगो को लेकर नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारी कर रहे है प्रदर्शन**

कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीराम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से प्राप्त निर्देश के परिपालन एवं नगरीय निकाय की महासंघ बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार हड़ताल में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे है हड़ताल में जाने की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंप दिया है।

### इन मांगों को लेकर कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से मिली जानकारी के अनुसार संघ ने शासन के समक्ष मुख्य रूप से नगरीय निकायो में प्रत्येक माह 1 तारीख वेतन भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से किए जाने, नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद करने व 10 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण करने, नगरीय निकाय में अन्य विभाग की भांति ओल्ड पेंशन लागू करने, नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के मृत्यु उपरांत परिवारजनो को संभाग स्तर में रिक्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, संभाग स्तर में रिक्त पद पर पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र किए जाने तथा छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि का भुगतान की स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की गई है।

**ऐलान:** सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद एसोसिएशन ने लिया निर्णय

# जिला राइस मिल एसोसिएशन की दो टूक, नहीं करेंगे उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी के साथ ही धान के उठाव को लेकर पूरी की पूरी व्यवस्था चौपट नजर आ रही है। एक तरफ जहां सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने चेतावनी दे रखी है कि अगर समितियों से जल्द से जल्द धान का उठाव नहीं कराया गया तो जिले के सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों धान खरीदी बंद कर दी जाएगी वहीं दूसरी तरफ अब जिला राईस मिस एसोसिएशन ने दो टूक कह दिया है कि जब तक शासन द्वारा उनकी लंबित मांगों का निराकरण नहीं किया जाता तब तक न तो कोई भी मिलर्स शासन से अनुबंध करेगा और न ही धान का उठाव किया जाएगा। ऐसे में जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी कब तक चलेगी और किस तरह चलेगी इसे लेकर संशय के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल बुधवार को हुई प्रदेश सरकार की कैबिनेट की बैठक के बाद एक आवश्यक बैठक जिला राईस मिल एसोसिएशन ने भी आयोजित की। जिसमें जिलेभर के राईस मिलर्स शामिल हुए। बैठक में कई विषयों पर चर्चा करते हुए एसोसिएशन ने कहा है कि हाल के दिनो में शासन एवं प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन के बीच हुई बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की ओर से मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल द्वारा धान के उठाव, कस्टम मिलिंग अनुबंध कराए जाने का निर्णय लिया था साथ ही शासन की कैबिनेट बैठक में मिलर्स को प्रोत्साहित करने पूर्व वर्षो के भुगतान, परिवहन एसएलसी, एसएल पर स्वीकृति संबंधी सभी मांगो का स्वीकृत कराए जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन एसोसिएशन की माने तो बुधवार को हुई छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट बैठक में राईस मिलर्स के पूर्व वर्षो के भुगतान, प्रोत्साहन के साथ एसएलसी परिवहन तथा वर्ष 2024-25 में आवश्यक सुधार को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया। जिसे लेकर मिलर्स असंतुष्ट हैं और एसोसिएशन ने बुधवार को आयोजित अपनी बैठक में निर्णय लिया है कि मिलर्स मांग पूरी होने तक धान का उठाव नहीं करेंगे। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आने वाले दिनो में प्रदेश सरकार द्वारा जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी का क्या होगा?



**राइस मिलर्स एसोसिएशन ने रखी शासन के समक्ष मांगें**

जिला राईस मिस एसोसिएशन ने अपनी मांगों को दोहराते हुए शासन के समक्ष पुनः पूर्व वर्षो का भुगतान किए जाने, प्रोत्साहन राशि 150 रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किए जाने तक न तो कोई भी मिलर्स शासन से धान उठाव के लिए अनुबंध करेगा और न ही केन्द्रों से धान का उठाव ही किया जाएगा।

**केन्द्रों में खरीदे गए धान का लग रहा अंबार**

दूसरी तरफ जिले के धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव नहीं होने के कारण केन्द्रों में खरीदे गए धान का अंबार लगते जा रहा है। स्थिति ये है कि अब कई केन्द्रों में नया धान खरीदने और उसे रखने तक की जगह नहीं है। ऐसी स्थिति में सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने शासन-प्रशासन को पहले ही चेतावनी दे रखी है कि अगर जल्द ही धान का उठाव प्रारंभ नहीं कराया गया तो केन्द्रों में धान खरीदी बंद कर दी जाएगी।

# धान खरीदी पर कलेक्टर की सख्ती, उठाव प्रक्रिया में तेजी के कड़े निर्देश

- समय सीमा की बैठक में दिए गए कई दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बीते मंगलवार को समय सीमा की बैठक में राज्य शासन की प्राथमिकता वाली खरीदी विपणन वर्ष 2024-25 की धान खरीदी व्यवस्था, महतारी वंदन योजना, महतारी सदन, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सासंद, प्रभारी मंत्री एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यो की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में सुचारू रूप से चल रहे धान खरीदी व्यवस्था पर निर्देश देते हुए धान उठाव में प्रगति लाने पर कड़े निर्देश दिए। उन्होने कहा कि किसी भी धान खरीदी केंद्रों में किसी भी प्रकार की किसानों को अनावश्यक परेशानियां नही होनी चाहिए। धान खरीदी केंद्रों में विशेष मॉनिटरिंग रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था की गहन समीक्षा की। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत अब तक 2 लाख 45 हजार क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है। बैठक में डीएमओ श्री चंद्रा ने बताया कि जिले में 6,64,157 मेट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से 3,00,000 मेट्रिक टन धान जिले के मिलर्स और 2,00,000 मेट्रिक टन अन्य जिलों के मिलर्स द्वारा उठाया जाएगा। शेष धान में से 50,000 मेट्रिक टन जिले के संग्रहण केन्द्रो 57,000 मेट्रिक टन रायपुर जिले के तिल्दा केंद्र, और 57,000 मेट्रिक टन दुर्ग जिले के अरसनारा और कोडिया संग्रहण केंद्रों में भंडारित किया जाएगा। अब तक 3,60,000 क्विंटल धान के लिए टीओ जारी किया गया है, जिसमें से 1,45,640 क्विंटल का भंडारण हो चुका है। कलेक्टर ने अधिकारियों को धान उठाव प्रकिया में तेजी लाने और समितियों में जमा धान की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में अब तक 20,45,000 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, और मिलर्स का डीओ कटने की प्रक्रिया 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होगी। कलेक्टर ने महतारी सदन के लिए जिले में स्वीकृत 13 ग्राम पंचायतों में प्रगति की जानकारी लेते हुए महतारी सदन निर्माण कार्य की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। जिले के 13 ग्राम पंचायतों में इस कार्य के लिए 3 करोड़ 21 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक महतारी सदन के लिए 24 लाख 70 हजार रुपए की राशि निर्धारित है। निर्माण कार्य विकासखंड कवर्धा के कवर्धा, धरमपुरा, मोहतरा खुर्द में किया जाना है। इसी तहत विकासखंड पंडरिया के पंडरिया, कुंडा, भागूटोला, विकासखंड बोड़ला के बोड़ला, लखनपुर, विकासखंड सहसपुर लोहारा के सहसपुर लोहारा, खडौदा (रवेली), पांडा तराई, रनवीरपुर और विकासखंड पिपरिया के पिपरिया में किया जाएगा। कलेक्टर ने इन कार्यों को शीघ्र और गुणवत्ता के साथ शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन और सड़क निर्माण में सुधार लाने पर कड़े निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जल आपूर्ति और पक्की सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को जल आपूर्ति और सड़क निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, गौ अभ्यारण परियोजना और आयुष्मान योजना की प्रगति पर भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## होली किंगडम स्कूल के खिलाड़ी खेलेंगे राष्ट्रीय वॉलीबाल स्पर्धा में



**कवर्धा।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वॉलीबाल में होली किंगडम स्कूल कवर्धा के खिलाड़ी शामिल होंगे और अपनी खेल प्रतिभा का जोहर दिखाएंगे। इस सबंध में स्कूल के खेल प्रशिक्षक साहिल खान ने बताया की हाल ही में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता कबीरधाम में आयोजित की गई थी। जिसमे छतीसगढ़ के पांच संभागों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इनमे से प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिसमें 14 वर्ष बालक वर्ग में द होली किंगडम स्कूल कबीरधाम के छात्र अर्श खान एवं हर्षित मंडावी का चयन किया गया है जो 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वाराणसी उत्तरप्रदेश में 14 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दोनों चयनित खिलाड़ी कक्षा आठवी के छात्र है और कक्षा चौथी से ही वॉलीबॉल खेल का प्रशिक्षण ले रहे है। अर्श खान एवं हर्षित मंडावी पहले भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके है। स्कूल के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के निर्देशक पास्टर जोश थामस, सह निर्देशिक लिजी थामस, विद्यालय के प्राचार्य दिव्या मोल एसए व सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया एवं आगे होने वाली प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 10 एकड़ गन्ना फसल में लगी भीषण आग, पीड़ित किसानों को उठाना पड़ा भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कवर्धा कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी में बुधवार की दोपहर करीब दस एकड़ गन्ने खेत में भीषण आग लग गई। प्रारंभिक तौर में गन्ने खेत में आग लगने का कारण सार्ट सर्किट को माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि अग्नि दुर्घटना से पीड़ित गन्ना उत्पादक किसानो को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को कवर्धा कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी में स्थित गन्ना खेत के आसपास मौजूद लोगों ने धुंआ और आग की लपटें उठते देखी तथा मौके पर पहुंचकर अपने स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। लेकिन ग्रामीणों की माने तो गन्ना के खेत में आग लगने की भनक उन्हें काफी देर से लगी तब तक आग नीचे ही नीचे खेत के एक बड़े हिस्से में फैल चुकी थी और उसने करीब 10 एकड़ में लगी गन्ने की पकी पकाई फसल को अपनी चपेट में ले लिया था। खेत में लगी इस भीषण आग को देखते हुए ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल दमकल अमले को दी।



सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मसक्कत के बाद जैसे तैसे आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग ने अपना काम कर दिया था और फसल बर्बाद हो चुकी थी। ग्रामीणों ने प्रारंभिक तौर पर आंशका जताई है कि गन्ना की फसल में आग सार्ट सर्किट के कारण लगी है। जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानो ने क्षतिग्रस्त फसल को मौका मुआयना कराए जाने तथा क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की है।

## बैगा आदिवासियों को किया गया कपड़ा वितरित



**पंडरिया।** ब्लाक के वनांचल क्षेत्र स्थित गांव लिहाटोला व सेंदुरखार में बुधवार को कपड़ा, बिस्किट व चॉकलेट वितरण किया गया। वितरण के लिए पहुंचे मोहन राजपूत ने बताया कि नगर के गुरुनानक रेडीमेड के संचालक कपड़ा व्यवसायी रिक्की छाबड़ा द्वारा करीब 200 से अधिक कपड़े वितरण के लिए प्रदान किया गया था, जिसको जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य उनके द्वारा किया। श्री राजपूत ने बताया कि प्रतिवर्ष श्री छाबड़ा सहित नगर के अन्य व्यवसायियों द्वारा कपड़ा प्रदान किया जाता है, जिसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है।साथ ही अन्य कपड़ा दुकान से कपड़ा एकत्र कर वनांचल के बैगा आदिवासी गांवो में पहुंचाया जाता है। उन्होंने बताया कि बुधवार को वनांचल गांवों के करीब 50 से अधिक परिवारों को 200 से अधिक कपड़े वितरित किए गए। वितरित किये गए कपडों में छोटे बच्चे, बड़ों के लिए पेंट, शर्ट सहित महिलाओं के लिए भी कपड़े शामिल थे। श्री राजपूत ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में अन्य गांवों में भी जरूरतमंद लोगों तक इस प्रकार का सहयोग पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। कपड़े मिलने से बैगा आदिवासियों को ठंड के मौसम में बड़ी राहत मिलती है, सभी लोगों को यथाशक्ति सहयोग प्रदान करना चाहिए। कपड़ा वितरण के दौरान मोहन राजपूत, शिक्षक जयचंद पैकवार, गणेश राम बांधे, मानाराम कोशरिया, कली बघेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य अभियान ने भावना भास्कर को कुपोषण से मुक्त कर दिया स्वस्थ नया जीवन**

# विष्णुदेव साय सरकार का कुपोषणमुक्त प्रदेश की ओर मजबूत कदम



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति का नेतृत्व कर रही विष्णुदेव साय सरकार ने कुपोषण और बच्चों के अस्वस्थ बचपन को खत्म करने का मजबूत संकल्प लिया है। राज्य में चलाए जा रहे प्रभावी स्वास्थ्य अभियानों का उद्देश्य न केवल कुपोषण को जड़ से मिटाना है, बल्कि हर बच्चे को स्वस्थ और समृद्ध जीवन प्रदान करना भी है। कवर्धा के वार्ड नंबर 9 की एक छोटी बच्ची भावना भास्कर, जिसकी जिंदगी सरकार के सीएसएएम (गंभीर कुपोषण प्रबंधन) कार्यक्रम के माध्यम से पूरी तरह बदल गई। जन्म के बाद उचित पोषण और देखभाल की कमी के कारण भावना का स्वास्थ्य बिगड़ता गया, लेकिन सरकार के अभियान और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने न केवल भावना को कुपोषण से बाहर निकाला, बल्कि उसे स्वस्थ जीवन की ओर भी अग्रसर किया। पोषण की सही देखरेख और नियमित फॉलो-अप से अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। छत्तीसगढ़ की सरकार और स्थानीय समुदाय एक साथ मिलकर राज्य के बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए कार्य कर रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि कवर्धा के वार्ड नंबर 9 में रहने वाले अशोक भास्कर और उनकी पत्नी शिव कुमारी की बेटी भावना भास्कर जन्म के बाद से कुपोषण की समस्या से जूझ रही थी। माता-पिता अपने-अपने कामों में व्यस्त रहने के कारण भावना के खानपान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे सके। जन्म के पहले 24 घंटे में मां का दूध न मिलने, 5 महीने में अन्नप्राशन कराने और सही पूरक पोषण आहार की कमी से भावना का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। भावना के भोजन में मुख्य रूप से बिस्किट, चिप्स और अन्य तैयार खाद्य पदार्थ शामिल थे, जिससे उसका वजन और विकास सामान्य से पीछे रह गया। गांव में बच्चों को जल्द ही अन्नप्राशन कराने की परंपरा और सही पोषण की जानकारी के अभाव में भावना कुपोषण का शिकार हो गई। जब यह बात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मैया वैष्णव को पता चली, तो उन्होंने भावना को सीएसएएम कार्यक्रम में पंजीकृत किया। परिवार को सही पोषण और बच्चों की देखभाल के महत्व को समझाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मिलकर काम किया।

# ग्रामीणों ने लिया बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग, मिशन वात्सल्य और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के अंतर्गत एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मिनमिनिया के मैदान में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन वात्सल्य और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी। जागरूकता रैली के माध्यम से टीम ने गांव के सभी मोहल्लों और पाड़ों में जाकर बाल विवाह मुक्त भारत और बाल विवाह मुक्त कबीरधाम का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली के अंत में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्यों, ग्रामीणों और बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिलाया गया और सभी ने ग्राम पंचायत मिनमिनिया को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, राजा राम चंद्रवंशी संरक्षण अधिकारी, वीएस ठाकुर, प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल, मिनमिनिया, महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक, एसके ठाकुर व्याख्याता, एम मानिकपुरी, व्याख्याता, टेकराम पटेल अध्यक्ष, शाला विकास प्रबंध समिति, शिवकुमार पटेल, नरेश पटेल, दीपक पटेल, भगवन्ता पटेल, तुकाराम पटेल, रामलाल पटेल, श्रीमती शारदा निर्मलकर, श्रीमती आरती यादव सुपरवाइजर और विद्यालय के बच्चे और ग्रामवासी उपस्थित थे।